R.N.I. No.ÙPHIN/2010/39063

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

वर्ष : 11
अंक : 263
पृष्ठ : 8
मूल्य - 2 रुपये

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



3 आरएसएस की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर: मायावती

लखनऊ, मंगलवार, 06 जुलाई 2021

मार्च के बाद से कोरोना के सबसे कम दैनिक मामले 8

## ओलंपिक मैरी कॉम और मनप्रीत सिंह उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे

### टोक्यो ओलंपिक



**नई दिल्ली वार्ता।** छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज सुपरमॉम मैरीकॉम और पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह टोक्यो ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। सोमवार को इस बात की जानकारी आईओए ने दी। बता दें कि ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई को होगा। वहीं, आठ अगस्त को इस खेलों का समापन होगा। इसके अलावा समापन समारोह में पहलवान बजरंग पूनिया को भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है।

**पहली बार हुआ है ऐसा**

पहली बार ऐसा हुआ है जबकि ओलंपिक में भारत के दो ध्वजवाहक (एक पुरुष और एक महिला) होंगे। आईओए प्रमुख नरिंदर बत्रा ने हाल ही में आगामी टोक्यो खेलों में लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने के लिए इस बात की जानकारी दी थी। रियो डी जनेरियो में 2016 खेलों के उद्घाटन समारोह में देश के एकमात्र व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ध्वजवाहक थे। कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित हुए टोक्यो ओलंपिक में 100 से अधिक भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने पिछले साल कार्यकारी बोर्ड की बैठक में उद्घाटन समारोह में महिला और पुरुष ध्वजवाहकों के लिए प्रावधान किया था।

**नया इतिहास रच सकती हैं सुपरमॉम**

ओलंपिक में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला मुक्केबाज मैरीकॉम इस बार दूसरा पदक दिलाकर नया इतिहास रच सकती हैं। एशियाई खेलों में दो स्वर्ण दिला चुकी। राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन रही हैं। एशियाई चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इस साल एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची हैं। 38 साल की मुक्केबाज का यह अंतिम ओलंपिक माना जा रहा है और वे इसे यादगार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगी।

**बजरंग पूनिया मचा सकते हैं धमाल**

65 किग्रा फ्री स्टाइल में बजरंग पूनिया धमाल मचा सकते हैं। इस लिए उनसे पदक की उम्मीदें हैं। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले विश्व चैंपियन बजरंग पहली बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। 27 वर्षीय बजरंग पूनिया ने नुर सुल्तान टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक का टिकट हासिल किया था। टोक्यो ओलंपिक में बजरंग को 65 किग्रा फ्री स्टाइल में दूसरी वरीयता दी गई है। उन्हें इस बार ओलंपिक में पदक जीतने का दावेदार माना जा रहा है। टोक्यो ओलंपिक में उनको सबसे बड़ी चुनौती राशिदोव से मिल सकती है।

## संक्षिप्त- समाचार

### केंद्र ने कोर्ट में कहा: नए सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का पालन करने में नाकाम रहा ट्विटर

**नई दिल्ली वार्ता।** केंद्र ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ट्विटर इंक भारत के नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों का पालन करने में विफल रही है, जो देश का कानून है और इसका अनिवार्य रूप से पालन करना आवश्यक है।केंद्र ने उच्च न्यायालय में दाखिल एक हलफनामे में कहा कि आईटी नियमों का पालन नहीं किया जाना इनके प्रावधानों के उल्लंघन के समान है, जिसके कारण ट्विटर को आईटी अधिनियम के तहत प्रदान की गई अपनी प्रतिरक्षा को खोना पड़ सकता है।हलफनामा वकील अमित आचार्य की एक याचिका के जवाब में दायर किया गया है। आचार्य ने दावा किया था कि ट्विटर केंद्र के नए आईटी नियमों का पालन नहीं कर रहा।

### आज़मगढ़ में दलितों पर पुलिस हमला निंदनीय: प्रियंका

**नई दिल्ली वार्ता।** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्य में आज़मगढ़ के पलिया गांव में दलित परिवारों के सदस्यों पर की गई पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे प्रशासन की दलित विरोधी मानसिकता करार दिया है।श्रीमती वाड्रा ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, आज़मगढ़, रौनापार के पलिया गांव में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दलित परिवारों पर हमला करने की खबर आ रही है। वहाँ कई मकानों को तोड़ा गया, सैकड़ों पर मुकदमा दर्ज किया।उन्होंने आगे कहा, यह सरकारी अमले की दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है। तत्काल दोषियों के ऊपर कार्रवाई हो और पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए।

### योगी वाराणसी पहुंचे,मोदी के संभावित दौरे की तैयारियों का लेंगे जायजा

**लखनऊ,ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस माह अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के संभावित दौरे की तैयारियों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को यहां पहुंच गये। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्री योगी का यहां सर्किट हाउस में आलाधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करने अलावा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण, सड़क, अस्पताल, फ्लाइओवर, पार्किंग समेत एवं अन्य महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का जायजा लेंगे। उनके कई परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री यहां अरबों रुपये की करीब 50 विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास करने उम्मीद है।

## एसबीआई की रिपोर्ट: अगले महीने आ सकती है कोरोना की तीसरी लहर, सितंबर में चरम पर होगी



**नई दिल्ली वार्ता।** एसबीआई रिसर्च की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट कोविड-19 दि रेस टू फिनिशिंग लाइन में कहा गया है महामारी कि बचाव का एकमात्र साधन टीकाकरण है। वैश्विक आंकड़ों से पता चला है कि तीसरी लहर के चरम मामले, दूसरी लहर के मुकाबले करीब 1.7 गुना तक ज्यादा हो सकते हैं। इस रिपोर्ट में एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा कि सात मई को भारत ने कोरोना की दूसरी लहर का चरम देखा था। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात के आधार पर 21 अगस्त के बाद से कोरोना वायरस संक्रमण के मामले फिर से बढ़ने शुरू हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 21 अगस्त से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ यह कम से कम एक महीने तक बढ़ते रहेंगे जब तक चरम पर नहीं पहुंच जाते। यह स्थिति सितंबर में बन सकती है। हालांकि, वर्तमान हालात यह दर्शाते हैं कि देश में अभी कोरोना की दूसरी लहर समाप्त नहीं हुई है।

# भारत विश्व को कोविड टीकाकरण का डिजीटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करायेगा : मोदी



**नई दिल्ली वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड महामारी से 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के सिद्धांत के आधार पर निपटने का आह्वान करते हुए आज कहा कि इस महामारी पर मानवता की विजय निश्चित है और इसके लिए भारत विश्व को प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

श्री मोदी ने यहां वैश्विक कोविन कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए यह बात कही। कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के स्वास्थ्य मंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने इस अभूतपूर्व महामारी के कारण जीवन गंवाने वाले सभी देशों के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा कि इस अनुभव से पता चलता है कि कोई भी देश कितना ही ताकतवर क्यों ना हो, अलग थलग रह कर इस चुनौती का मुकाबला नहीं कर सकता है। इस महामारी का सबसे बड़ा सबक यह है कि मानवता और मानव मात्र के लिए हमें मिलकर काम करना होगा और आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि हमें एक दूसरे से नये तरीके सीखना है और एक दूसरे को अपने तरीकों को सिखाना है। भारत ने महामारी की शुरुआत से ही अपने अनुभव एवं संसाधन साझा किये हैं। भारत इस लड़ाई में वैश्विक समुदाय के साथ अपने सभी अनुभव, विशेषज्ञता एवं संसाधन साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी विरोधाभासों के बावजूद हमने विश्व की हरसंभव मदद करने की कोशिश की। हम भी विश्व के अनुभवों से सीख लेने के इच्छुक हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के शुरू में महामारी के कारण जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पिछले सौ वर्षों में इससे पहले कभी इस तरह की महामारी का दुनिया ने सामना नहीं किया। अनुभवों से यह सिद्ध हो गया है कि चाहे कोई कितना भी शक्तिशाली राष्ट्र हो वह अकेला इस चुनौती से नहीं निपट सकता। इस महामारी के शुरू से ही भारत ने अपना सभी अनुभव , विशेषज्ञता और संसाधन वैश्विक समुदाय के साथ साझा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

उन्होंने कहा कि तमाम सीमाओं के बावजूद भारत ने कोविड -19 के खिलाफ अभियान में प्रौद्योगिकी और अन्य चीजें सबके साथ यथासंभव साझा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि सोफ्टवेयर के मामले में किसी तरह की सीमा नहीं है इसलिए हमने कोविड का पता लगाने और संक्रमित व्यक्ति के संपर्कों का पता लगाने से संबंधित एप को जहां तक संभव हुआ ओपन सोर्स बना दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महामारी से लड़ने के लिए टीकाकरण आशा की सबसे बड़ी किरण है। भारत ने शुरू से ही इससे निपटने के लिए पूरी तरह से डिजिटल दृष्टिकोण अपनाया और टीकाकरण सहित हमारी सभी योजनाएं इसी पर आधारित हैं।

श्री मोदी ने कहा कि कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई में प्रौद्योगिकी अविभाज्य अंग है। साफ्टवेयर के मामले में संसाधन की कोई कमी नहीं है। इसलिये कोविड की ट्रैकिंग और ट्रेसिंग के लिए मोबाइल ऐप को हमने सबके लिए खुला रखा है। करीब 20 करोड़ उपयोगकर्ताओं के साथ आरोग्य सेतु ऐप सफलतापूर्वक काम कर रहा है। यह दुनिया में अन्य देशों के लिए भी उतना ही उपयोगी साबित होगा। टीकाकरण भी मानवता के लिए सर्वश्रेष्ठ आशा है और भारत ने शुरू से ही टीकाकरण की रणनीति डिजीटल आधार पर तैयार की। महामारी के बाद विश्व में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए ऐसा करना आवश्यक है क्योंकि प्रत्येक नागरिक के लिए यह साबित करना बहुत जरूरी होगा कि उसका टीकाकरण हो चुका है। टीके का प्रत्येक डोज बहुत महत्वपूर्ण है, सरकारों के लिए हर डोज ट्रैक करना और बरबादी को न्यूनतम रखना जरूरी है। यह सब केवल पूर्ण डिजीटलीकरण द्वारा ही संभव है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सभ्यता में समूचे विश्व को एक परिवार माना गया है। महामारी ने इस दर्शन की सत्यता का अनुभव करा दिया है। इसीलिए हमारे कोविड टीकाकरण के डिजीटल प्लेटफॉर्म कोविन को सबके लिए मुक्त संसाधन के रूप में उपलब्ध कराया गया है। जल्द ही इसे सभी देशों को उपलब्ध कराया जायेगा। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत में 35 करोड़ टीके लगाये गये हैं। एक दिन में 90 लाख टीके लगाने का रिकॉर्ड कायम किया गया है।

## योगी ने गोरखपुर मण्डल की 10 बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं का किया लोकार्पण



**लखनऊ,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां तरकुलानी रेगुलेटर सहित गोरखपुर मण्डल की 145.16 करोड़ रुपए लागत की 10 बाढ़ नियंत्रण एवं जलनिकासी परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

लोकार्पित परियोजनाओं में गोरखपुर की 05, महराजगंज जिले की 04 एवं देवरिया जिले की 01 परियोजना शामिल है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने गोरखपुर ग्रामीण एवं चौरी-चौरा विधान सभा क्षेत्र की 21207.11 लाख रुपए लागत की 45 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इनमें 30 लोकार्पित परियोजनाओं की लागत 17242.18 लाख रुपए तथा शिलान्यास की गई 15 परियोजनाओं की लागत 3964.93 लाख रुपए है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तरकुलानी रेगुलेटर के क्रियाशील हो जाने से 47 गांवों के लोगों के जीवन में नया बदलाव आएगा। इन गांवों के खेतों को अब जल-जमाव से मुक्ति मिलेगी, जिससे 2,838 हेक्टेयर कृषि भूमि लाभान्वित होगी। इस क्षेत्र के किसान अब साल में दो फसल ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 से लोगों की तरकुलानी रेगुलेटर बनाए जाने की मांग थी। 50,000 परिवारों के लिए यह परियोजना बहुत आवश्यक थी, ताकि लोगों को बाढ़, जन-धन की हानि और बीमारियों से बचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि तरकुलानी रेगुलेटर ने आज से काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इसकी क्षमता इतनी है कि रामगढ़ताल के पानी को अधिकतम 1 घण्टे में बाहर फेंक सकता है। तरकुलानी रेगुलेटर प्रोजेक्ट के तहत निर्मित पम्पिंग स्टेशन में 11 अदद 30 क्यूसेक पम्प, 03 अदद 10 क्यूसेक पम्प, 05 अदद 625 केवीए डीजल जेनरेटर सेट, सक्शन टैंक की व्यवस्था है। इसके फीडर चैनल की लम्बाई 280 मीटर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तरकुलानी रेगुलेटर केवल बाढ़ और जल-जमाव से छुटकारा दिलाने में ही सहायक नहीं होगा, बल्कि यह इस क्षेत्र में मस्तिष्क ज्वर आदि बीमारियों की रोकथाम में भी सहायक होगा।

## झकझोर देगी ये घटना: फतेहपुर में पति ने पत्नी और बेटी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी

### महिला की मौत, बेटी की हालत गंभीर



**लखनऊ,ब्यूरो।** यूपी में फतेहपुर जिले के ललौली में रविवार रात संपत्ति के विवाद में छत पर सोते समय पति ने पत्नी और बेटी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में बेटी को कानपुर रेफर कर दिया गया।

पड़ोसियों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। मृतका के देवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ललौली के सदर बाजार निवासी फूलचंद्र सक्सेना पत्नी सुशीला देवी (60), बेटी गुड्डन (32) रविवार रात छत पर सो रहे थे। पास ही फूलचंद्र का बेटा विमल व नाती रवि (14) भी सो रहा था।रात करीब पौने दो बजे फूलचंद्र प्लास्टिक की बोतल में पेट्रोल लेकर छत पर पहुंचा। उसने सुशीला व गुड्डन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। मां-बेटी की चीख सुनकर विमल, रवि और आसपास की छतों पर सो रहे लोग दौड़े। विमल और रवि ने बिस्तर डालकर दोनों को आग से बचाया।

एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने सुशीला को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत के चलते गुड्डन को कानपुर रेफर कर दिया गया। लोगों ने फूलचंद्र को पुलिस के हवाले कर दिया। छोटे भाई ने फूलचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वारदात के पीछे मकान की हिस्सेदारी का विवाद बताया जा रहा है।

### भागवत के भाषण पर बोले नकवी

## संघ की सकारात्मक छवि देख बौखला गया है गुमराही गैंग



**नई दिल्ली वार्ता।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा था कि सभी भारतीयों का डीएनए एक है और मुसलमानों को %डर के इस चक्र में% नहीं फंसना चाहिए कि भारत में इस्लाम खतरे में है। उन्होंने यह भी कहा था कि जो लोग मुसलमानों से देश छोड़ने को कहते हैं, वे खुद को हिंदू नहीं कह सकते हैं। वह राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की ओर से हिंदुस्तानी प्रथम, हिंदुस्तान प्रथम% विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा था कि लोगों में इस आधार पर अंतर नहीं किया जा सकता कि उनका पूजा करने का तरीका क्या है।केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की ताजा टिप्पणी पर सोमवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि संघ का हमेशा यही विचार रहा है, लेकिन पहले गुमराही गैंग का दुष्प्रचार हावी था। संघ की सकारात्मक छवि बनती देख यह गैंग बौखला गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भागवत के बयान से समाज में जहां कहीं भी भ्रम की स्थिति होगी, वहां स्पष्टता का रास्ता साफ होगा।

भागवत के बयान पर नकवी ने कहा, संघ के जो विचार हैं और जो संघ की सोच है वह हमेशा से ऐसी ही रही है। उसकी सोच सद्भाव, भाईचारा और राष्ट्रवाद से भरपूर है। लेकिन पहले उनके विचार एक तरफ थे और उनके विरोधियों के दुष्प्रचार दूसरी तरफ थे। पहले उनके विचारों पर विरोधियों के दुष्प्रचार हावी होते रहे थे। इसका प्रमुख कारण यह था कि संघ के लोगों ने कभी प्रचार करने पर ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों से संघ के कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से होते हैं और लोग उनके विचारों और काम को देख और समझ पा रहे हैं। नकवी ने कहा, पहले भी संघ के लोगों ने सेवा के माध्यम से समाज के तानेबाने को एकजुट करने के लिए बहुत काम किए हैं। लेकिन भारत बैशिंग ब्रिगेड और गुमराही गैंग ने न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया में संघ का हौव्वा खड़ा करके भाईचारे और सामाजिक तानेबाने को छिन्नभिन्न करने का षड्यंत्र किया।

उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की ओर से आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधे जाने को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि आरएसएस की सकारात्मक छवि से ये नेता बौखला गए हैं।

## बंगाल : कांग्रेस को बड़ा झटका, प्रणब के बेटे अभिजीत टीएमसी में हुए शामिल




**कोलकाता वार्ता।** पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी सोमवार को कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। कोलकाता के तृणमूल भवन में आयोजित कार्यक्रम अवसर पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान लोकसभा में टीएमसी के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय और टीएमसी के प्रदेश महासचिव एवं मंत्री पार्थ चटर्जी उपस्थित थे।

टीएमसी में शामिल होने के बाद अभिजीत ने कहा कि ममता बनर्जी ने जिस तरह से भाजपा की हालिया सांप्रदायिक लहर को रोका, मुझे विश्वास है कि भविष्य में वह दूसरों के समर्थन से पूरे देश में ऐसा ही कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए मेरे पास अब कोई पद नहीं है और न ही मुझे तुरंत कुछ मिलने वाला है।

बता दें कि नौ जून को अभिजीत मुखर्जी टीएमसी जिलाध्यक्ष और जंगीपुर सांसद समेत कई नेताओं से जंगीपुर स्थित अपने आवास पर मिले थे। इस बैठक में टीएमसी सांसद खलीलुर रहमान, जिलाध्यक्ष अबू ताहिर, विधायक इमानी विश्वास, दो मंत्री अखरुज्जमां और सबीना यास्मीन समेत कई लोग शामिल थे। इसके बाद ही मुखर्जी के टीएमसी में जाने की अटकलें तेज हो गई थी।

हालांकि अभिजीत मुखर्जी ने इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि ये लोग मेरे पिता जी के अच्छे मित्र हैं और उनके आवास पर चाय के लिए आए थे। बता दें कि अभिजीत मुखर्जी जंगीपुर से सांसद रह चुके हैं और ममता बनर्जी के साथ उनके काफी अच्छे संबंध बताए जाते हैं।

अभिजीत मुखर्जी ने वर्ष 2012 और 2014 में कांग्रेस के टिकट पर बंगाल के जंगीपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। साल 2019 में भी उन्हें इसी सीट से कांग्रेस ने टिकट दिया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

## राफेल घोटाले की जेपीसी जांच से बच नहीं सकती सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली वार्ता।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को राफेल लडाकू विमान खरीद घोटाले की जिम्मेदारी लेते हुए प्रकरण की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच करानी चाहिए और उसे समझना चाहिए कि इसके अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि राफेल लड़ाकू विमान खरीद सौदे में हुई गड़बड़ी को लेकर फ्रांस की सरकार ने 48 घंटे पहले न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस पर चुप्पी साधे हुए हैं और कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि जब फ्रांस की सरकार इस मामले की जांच करा सकती है तो भारत सरकार इसकी जांच में क्यों देरी कर रही है। उनका कहना था कि मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए की राफेल विमान में हुई गड़बड़ी की जांच सिर्फ जेपीसी को ही करनी है और इसका कोई और विकल्प नहीं है इसलिए सरकार को तत्काल जेपीसी के गठन की घोषणा करनी चाहिए।

पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार को देश की जनता को बताना चाहिए कि उसने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए राफेल खरीद के समझौते के तहत 126 विमानों की जगह सिर्फ 26 विमानों की खरीद के सौदे को मंजूरी क्यों दी। उन्होंने कहा कि उसे यह भी बताना चाहिए कि इस सौदे की शर्तों में किस वजह से बदलाव किया गया।

web: www.sindhutimes.in

Email: sindhutimes99@gmail.com



# गंभीर शिकायतों के चलते आबेडकर विवि के कुलपति को हटाया,जांच समिति गठित



**लखनऊ,संवादाता।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कुलपति प्रो0 अशोक कुमार मित्तल के विरूद्ध प्राप्त गम्भीर शिकायतों की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की कमेटी का गठन करते हुये उन्हे हटा दिया ।

राज्यपाल ने प्रो0 मित्तल के स्थान पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय को तत्काल प्रभाव से आगरा विश्वविद्यालय के दायित्वों के निर्वहन के लिए अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया।

कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगरा के डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अशोक कुमार मित्तल के विरूद्ध भ्रष्टाचार, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं सहित अन्य गम्भीर शिकायतें प्राप्त हुईं थी। इसके साथ ही इसी साल 31 मई से 02 जुलाई तक कुलाधिपति की अध्यक्षता में हुई राज्य विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक के आलोक में दो जून को राजभवन में आयोजित विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक में भी पाया गया कि कुलपति द्वारा राजभवन से संदर्भित बिंदुओं पर कोई भी तैयारी नहीं की और वह सम्बन्धित बिंदुओं के सम्बन्ध में संतोषजनक उत्तर नही दे सकें।

उन्होंने बताया कि नियम विरूद्ध नियुक्तियां करना, ऑडिट आपत्तियों का अनुपालन पूर्ण न करना, उच्च नयायालय व अन्य लम्बित प्रकरणों पर विश्वविद्यालय पर आवश्यक पैरवी व कार्यवाही न किया जाना, छात्रों को नियमित रूप से उनकी डिग्री न प्रदान करना, कर्मचारियों को अनावश्यक ओवरटाइम भत्ता दिया जाना, नियुक्तियों के सम्बंध में आवश्यक रोस्टर न तैयार किया जाना आदि कुलपति के पद के दायित्वों के निर्वहन में गंभीर शिथिलता व उदासीनता का द्योतक है।श्री गुप्ता ने बताया कि गंभीर आरोपों को दृष्टिगत रखते हुए कुलपति के विरूद्ध प्राप्त गम्भीर शिकायतों की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्रीमती रंजना पंडया की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। इस जांच समिति में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के पूर्व कुलपति प्रो0 सुरेन्द्र दुबे को सदस्य बनाया गया है। यह समिति एक माह के अंदर कुलाधिपति को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जांच तथा विश्वविद्यालय का कार्य प्रभावित न हो, इसलिये डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के कुलपति को कार्य से विरत करते हुये लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय को आगरा विश्वविद्यालय के कुलपति पद के दायित्वों के निर्वहन के लिए अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## शहीदों की धरती को नमन कर बढ़ता है आत्मबलः प्रभुनाथ चौहान

**गाजीपुर संवादाता।** देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को नमन करने से आत्मबल बढ़ता है। उनके कृतियों को याद करने से राष्ट्र समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती रहती है।

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान ने महावीर चक्र विजेता शहीद रामउग्रह पाण्डेय की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आज कहा कि उनका क्षेत्र सौभाग्यशाली है1 यह वीरों की धरती है जहां परमवीर चक्र अब्दुल हमीद, महावीर चक्र रामउग्रह पाण्डेय के साथ ही स्वामी सहजानंद सरस्वती जैसे किसान हित चिंतक अवतरित हुए। हमें इन वीर सपूतों कर्तव्यपरायण व्यक्तित्व से सीख लेकर जनकल्याण कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

## आक्सीजन के प्राकृतिक श्रोत वृक्षों का संरक्षण जरूरी : प्रसाद

**सहारनपुर,संवादाता।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद ने कहा कि आक्सीजन के श्रोत पेड़ों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए पेड़ लगाना व उनका संरक्षण करना जरूरी है।

उन्होंने मोहण्ड रेंज के अन्तर्गत वन विश्राम भवन की हरिशंकरी वाटिका में पीपल, पिलखन्, बरगद के पौधों का रोपण करते हुए वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मानव जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण अति आवाश्यक है। पर्यावरण को बचाना आज सभी की जिम्मेदारी है। इस दिशा में समाज और सरकार को स्वच्छता और वृक्षारोपण को एक जनान्दोलन बनाने की आवश्यकता है। वृक्षारोपण के प्रति समाज और आम नागरिकों की सहभागिता के बिना पर्यावरण को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता।

जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा कि वैश्वीकरण के चलते पर्यावरण का संरक्षण बड़ा संकट है। इस चुनौती का सामना सामुदायिक सहभागिता के जरिए ही संभव है। पेड़-पौधे जलवायु परिवर्तन के कुप्रभावों को कम करने की क्षमता रखते हैं, जिसके लिए वृक्षारोपण अभियान को बड़े स्तर पर चलाया जाना जरुरी है। पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से कार्बन-डाई आक्साइड को कम कर ऑक्सीजन देने में महती भूमिका में हैं। यह प्रक्रिया प्रकृति में संतुलन बनाए रखती है। जंगल ही हमें स्वच्छ जल और स्वस्थ मृदा के साथ-साथ स्वच्छ पर्यावरण भी प्रदान करने का आधार प्रदान करते हैं।

प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग सुश्री श्वेता सैन ने बताया कि आज वृक्षारोपण जन आंदोलन 2021 में रोपित किये जाने वाले 30 करोड पौधों में से आज बीज बुआन सहित 9 लाख 4 हजार 720 पौधों का रोपण, एक दिन में किया गया।

# पंचवटी के लिए,पीपल,बरगद, आंवला आदि के किए पौधे रोपण

**कुशीनगर संवादाता।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पंचवटी के तहत वृक्षारोपण का कार्य पशु चिकित्सालय पडरौना में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने पीपल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनुज मलिक ने बरगद , अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय ने आंवले का पौधा रोपण किया गया। डीपीआरओ राघवेंद्र द्विवेदी ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन पौधों की सही से देखभाल की जाए, जिससे से बड़े होकर ये वृक्ष में तब्दील हो सके और वृक्षारोपण का उद्देश्य पूरा हो सके।

इस अवसर पर पडरौना नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल, मुख्य पशु चिकित्सा चिकित्साधिकारी, पत्रकार तथा अन्य गण मान्य लोग मौजूद रहे।

सेना भर्ती कार्यालय ने सफल उम्मीदवारों को ट्रेनिंग पर भेजा

लखनऊ 05 जुलाई (वार्ता) देश के आम लोगों की तरह कोविड.19 की दूसरी लहर ने सैन्य गतिविधियों को प्रभावित किया है लेकिन इस बीच लखनऊ स्थित सैन्य मुख्यालय भर्ती क्षेत्र में यूपी और उत्तराखंड के सफल उम्मीदवारों को उनके संबंधित प्रशिक्षण केंद्रों में लंबित प्रेषण को पूरा करने के लिए भेजा है।

मध्य कमान के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि अभियान के तहत पिछले 15 दिनों में भर्ती कार्यालय लखनऊ से देश भर के विभिन्न रेजिमेंटल प्रशिक्षण केंद्रों में 46 से 52 सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए 103 उम्मीदवारों को भेजा गया है। भर्ती रैली फरवरी 2020 में फतेहपुर में सोल्जर जनरल ड्यूटी,सोल्जर टेक्निकल,सोल्जर क्लर्क,सोल्जर नर्सिंग असिस्टेंट और सोल्जर ट्रेड्समैन के लिए आयोजित की गई थी।

पिछले 72 घंटों के लिए कोविड.19 निगेटिव रिपोर्ट के साथ 25 या उससे कम के बैच में उम्मीदवारों को बुलाकर कोविड.19प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया। मास्क,सैनिटाइजर का प्रयोग और शारीरिक दूरी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया।

# योगी ने सुनी फरियाद,समाधान का दिया भरोसा



**गोरखपुर संवादाता।** उत्तर प्रदश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगे जनता दरबार में 400 से अधिक फरियादियों की समस्या सुनी और समाधान का आश्वासन दिया।

श्री योगी गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद फरियादियों के बीच पहुंचे और मौजूद लगभग 400 से अधिक फरियादियों की समस्या सुनी। उन्होंने फरियादियों की समस्या समाधान का आश्वासन दिया और साथ ही इस बावत अधिकारियों को निर्देश भी देते रहे।श्री योगी सुबह साढे पांच बजे अपने कक्ष से निकले और सीधे गुरू गोरक्षनाथ के दर्शन को पहुंचे। उन्होंने गुरू गोरक्षनाथ की विधिवत पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की और उसके बाद ब्रहमलीन गुरू अवेद्यानाथ के समाधि स्थल पर जाकर उनका आर्शीवाद लिया।

इसी क्रम मुख्यमंत्री गौशाला पहुंचे और गायों को गुड़ चना खिलाया। इसके बाद वह फरियादियों के बीच पहुंच गये और उनकी समस्यायें सुनने के लिए वृध्दाश्रम कक्ष में विराजमान हो गये। एक-एक कर फरियादी आते रहे। मुख्यमंत्री उनकी समस्यायें पूरी गंभीरता से सुनकर समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि हर मामले का निपटारा सही तरीके से होना चाहिए।

## गैंगेस्टर की एक करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कुर्क

**देवरिया,संवादाता।** उत्तर प्रदेश की देवरिया पुलिस ने गैंगस्टर द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई करीब एक करोड़ रूपये की सम्पत्ति को आज कुर्क कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने यहां बताया कि गैंगेस्टर चन्द्रशेखर यादव के खिलाफ लूट,फायरिंग आदि के अनेक मुकदमे दर्ज हैं। जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष निरंजन के आदेश का आज अनुपालन कराते हुए उसकी अवैध रूप से अर्जित की गई एक करोड़ रूपये से अधिक की सम्पत्ति को सदर कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर अधिनियम के तहत कुर्क कर लिया ।उन्होंने बताया कि आरोपी बदमाश की शहर से सटे हाटा रोड पर स्थित श्याम पैलेस मैरिजहाल को गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत सम्पत्ति को कुर्क कर उसका रिसीवर तहसीलदार सदर को नियुक्त किया गया है।

## डीआर नहीं दिये जाने पर पेंशनर्स करेंगे सदबुद्धि यज्ञ

**कानपुर संवादाता।** केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनर्स को डीआर दिये जाने पर लगी रोक के विरोध में सेवानिवृत्त कर्मचारी मंगलवार को सदबुद्धि करेंगे।

पेंशनर फोरम के अध्यक्ष आर के तिवारी, उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल और महामन्त्री आनंद अवस्थी ने एक संयुक्त बयान में सरकार द्वारा डीए /डीआर के भुगतान ना किये जाने की कड़े शब्दों में निन्दा की और कहा कि अपने अपने घरों में किये जाने वाले सदबुद्धि यज्ञ के आयोजन में राज्य सरकार के भी पेंशनर शामिल होंगे ।

उन्होंने कहा कि छह जुलाई को पेंशनर्स अपने घरों में हनुमान चालीसा का पाठ कर सदबुद्धि यज्ञ करेगें। अन्य धर्मों के लोगो से यह आग्रह किया गया है कि वह अपने-अपने धर्मानुसार सरकार की सदबुद्धि के लिये प्रार्थना करे तथा अपने- अपने फोटो महासचिव को भेंजे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार नहीं मानी तो कार्य समिति की बैठक कर भविष्य में किए जाने वाले आन्दोलन के लिये निर्णय लिया जायेगा।

श्री अवस्थी ने कहा कि कोरोना की वजह से सरकार ने महंगाई भत्ता और मंहगाई राहत को 18 महीनों के लिये फ्रीज करने का फैसला पिछले साल लिया था जिसकी मियाद अब पूरी हो चुकी है। कमर तोड़ती महंगाई के बीच सरकार को डीए और डीआर की बहाली की घोषणा तुरंत करनी चाहिये।

## बछरांवा में बंधन बैंककर्मी से हुई लूट का खुलासा,चार गिरफ्तार

**रायबरेली, संवादाता।**उत्तर प्रदेश की रायबरेली पुलिस ने बछरांवा इलाके में बंधन बैंककर्मी से हुई लूट का खुलासा करते हुए अंतरजिला लुटेरों समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 जून को बछरांवा इलाके में बंधन बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी मनीष कुमार से नीमटीकर के पास एक लाख दस हजार रुपये की लूट हुई थी। पुलिस ने आज पुख्ता सूचना पर लुटेरे गिरोह के बछरांवा निवासी विनीत उर्फ अतुल , हरदोई निवासी करन मौर्य, पारुल द्विवेदी, और अभय त्रिपाठी उर्फ चीकू को लालगंज बाई पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटे गए करीब 77 हज़ार रुपये, टैबलेट, मोबाइल, व अन्य सामान के अतिरिक्त हथियार भी बरामद किया। उन्होंने बताया कि एसओजी की मदद से इस लूट का खुलासा किया गया। गिरफ्तार लुटेरों ने बताया कि हरदोई जिले में 20 मई को शादी समारोह में सम्मलित होने के दौरान इन लोगों ने लूट की योजना बनाई थी और 24 जून को नीमटीकर के पास बंधन बैंक का आरओ मनीष है से एक लाख दस हजार रुपये और अन्य सामान लूट लिया था। इस लूट के मास्टरमाइंड विनीत उर्फ अतुल था। मास्टरमाइंड विनीत का लूट का पुराना आपराधिक इतिहास है जबकि इसके अन्य साथियों का इतिहास खंगाला जा रहा है। चारों आरोपियों को जेल भेज दिया ।

## ठेकेदार के आवास पर सीबीआई का छापा

**बुलंदशहर संवादाता।** उत्तर प्रदेश में अखिलेश सरकार के कार्यकाल में गोमती नदी परियोजना में कथित अनियमितिताओं की जांच के सिलसिले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने यहां एक ठेकेदार के ठिकाने पर छापेमारी की।

बुलंदशहर नगर क्षेत्र के मोहल्ला प्रीत विहार निवासी ठेकेदार राकेश भाटी ने बताया कि सीबीआई की टीम सुबह करीब नौ बजे उनके निवासी पर पहुंची और परिजनों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लेकर अंदर से गेट बंद करा दिया। करीब साढ़े तीन घंटे तक चली कार्रवाई में राकेश भाटी और परिजनो से पूछताछ की गयी। उन्होने बताया कि सीबीआई अधिकारी कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गये है। हालांकि सीबीआई अधिकारी बगैर पत्रकारों के सवालों का जवाब दिये निकल गये।गौरतलब है कि अखिलेश यादव के कार्यकाल के दौरान गोमती नदी परियोजना में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सीबीआई ने नया मामला दर्ज किया है। बुलंदशहर के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर सीबीआई तलाशी ले रही है।स्थानीय पुलिस अधिकारी मामले में कोई जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं।

## यूपी में अगले दो दिन आसमान से बरसेंगे अंगार

**लखनऊ संवादाता।** मानसून के रूठने से उमस भरी गर्मी से बेहाल उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में अगले दो दिन लू चलने की संभावना मौसम विभाग ने जतायी है।मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मथुरा,हाथरस,आगरा,फिरोजाबाद,जालौन और झांसी में विशेष रूप से अगले 48 घंटों में गर्म हवायें चलने से तापमान में बढोत्तरी दर्ज किये जाने के आसार हैं। इस दौरान इक्का दुक्का स्थानों पर गरज चमक के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है जबकि अधिकतर क्षेत्रों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने के आसार हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो बच्चों समेत चार की मृत्यु

**संभल,संवादाता।** उत्तर प्रदेश में संभल जिले के असमोली क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दोमासूम बच्चो व महिला समेत चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि दो घायल हो गये।पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरोहा जिले के हसनुपर निवासी हसीन का पुत्र 25 वर्षीय पुत्र यासीन सोमवार को करीबग साढ़े ग्यारह बजे अपनी सास छोटी (50) 24 वर्षीय पत्नी फूलजहां और दो बच्चों को बाइक पर बैठाकरमुरादाबाद के पाकबाड़ा जा रहा था। रास्ते में असमोली इलाके में सैदनगली चौधरपुर मार्ग पर हसनगढ़ गांव केपास बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। सभी घायलों को संभल अस्पताल भेजा गया ,जहां मासूम आतिफ रजा व अलिशा और छोटी की मृत्यु हो गई। बाद में उपचार के दौरान यासीन ने भी दम तोड़ दिया।उन्होंने बताया कि घायल फूलजहां और अलीना का उपचार किया जा रहा है।

## जुआ खेलते समय सात लोग गिरफ्तार

**औरैया संवादाता।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के कस्बा अजीतमल में पुलिस ने छापामार कर जुआ खेलते समय सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीतमल प्रदीप कुमार ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सट्टा व जुए के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कस्बा अजीतमल के मोहल्ला शास्त्रीनगर बाबरपुर में लालजी गुर्जर के मकान में जुआ खेल रहे सात लोगों कन्हैयालाल, विकाश,आशीष कुमार, पवन कुमार व ऋषभ निवासी आर्यनगर अजीतमल, दीपक निवासी राजीव नगर अजीतमल एवं अमित कुमार निवासी नवीन नगर बाबरपुर अजीतमल को हिरासत में लिया गया। फड़ व अभियुक्तों की जामा तलाशी में 45150 रूपए, सात मोबाइल व ताश के 52 पत्ते बरामद किए गये।

## लव जिहाद के मामले पर हिंदू जागरण मंच आया सामने

**झांसी संवादाता।** उत्तर प्रदेश में झांसी के नवाबाद थानाक्षेत्र में एक दलित युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लव जिहाद का मामला सामने आया है जिसके विरोध में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को शिकायत दर्ज करायीहिन्दू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अंचल अड़जरिया के साथ सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शिवहरि मीणा के पास पहुंचे।

नवाबाद थाना क्षेत्र निवासी दलित युवती ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व सद्दाम नामक युवक नौकरी लगवाने के नाम पर उसके ओरिजिनल कागजात ले लिए और फर्जी तरीके से निकाहनामा तैयार करा लिया साथ ही धमकी देकर न्यायालय में बयान भी करवा दिए। युवती का कहना है कि वह कभी इलाहाबाद नहीं गई न ही किसी प्रकार का धर्म परिवर्तन किया है और न ही निकाह में सम्मिलित हुई है। युवती ने आरोप लगाते हुए कहा कि सद्दाम अवैध हथियार लेकर घूमता है,मुझे व मेरे परिवारवालों को जान से मारने की धमकी देता है, जातिसूचक गालियां देकर अपमानित भी करता है।

आरोपी ने कई बार युवती से अश्लील हरकतें भी कीं जिसकी सूचना परिजनों द्वारा मंडी चौकी में दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। थक हारकर युवती के परिजन हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों से मिले और पूरे मामले की जानकारी दी।इस पर हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अंचल अड़जरिया, महामंत्री जयदीप खरे, महानगर अध्यक्ष श्रीराम नरवरिया आदि कार्यकर्ता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन सौंपते हुए मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल नवाबाद थाने में मुकदमा दर्ज करा कर आवश्यक कार्रवाई ।करने के निर्देश दिए गए। अंचल अड़जरिया ने कहा जल्द से जल्द इस प्रकार के सनातन धर्म विरोधी मामलों पर प्रभावी अंकुश लगाना आवश्यक है।

# ठगी करने वाली कंपनियों के सीएमडी राशिद नसीम का आईटी प्रमुख भी गिरफ्तार



**लखनऊ, संवादाता।**उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मल्टीलेवल मार्केटिंग के माध्यम से जनता से अरबों रूपये हड़पने वाली शाइन ग्रुप आफ कम्पनीज व स्काई ओशियन के सीएमडी राशिद नसीम के आईटी प्रमुख को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कंपनी के चार पदाधिकारियों को पिछले दिनों एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि फरार चल रहे शाइन ग्रुप आफ कम्पनीज व स्काई ओशियन के सीएमडी राशिद नसीम के आईटी प्रमुख सुनील कुमार जायसवाल को कल शाम उसे प्रयागराज के नवाबंगज इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोबाइल,चार एटीएम कार्ड, पासपोर्ट,इंटरनेशनल फलाइट का टिकट आदि बरामद किया।

उन्होंने बताया कि मल्टीलेवल मार्केटिंग के माध्यम से जनता से अरबों रूपये हड़पने वाली रियल स्टेट कम्पनियों, शाइन सिटी, शाइन क्वाइन, शाइन फूडस एण्ड वेवरेजेस व स्काई ओशियन आदि के सीएमडी राशिद नसीम के इण्डियाविजनेस हेड बृजमोहन कुमार सिंह, आदि चार पदाधिकारियों को हाल ही में लखनऊ से गिरफ्तार किया था। उन लोगों से पूछताछ से पता चला था कि राशिद नसीम द्वारा दूसरे नाम से वेबसाइट व साफ्टवेयर बनवाकर दुबई से भारत में ठगी की जा रही है। इन साफ्टवेयर व वेबसाइटों का संचालन सुनील कुमार द्वारा किया जा रहा है।प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि वह वर्ष 2018 से नेडकैब टेक्नोलाजी प्रयागराज में वेबसाइट,साफ्टवेयर डिजानर है। अक्टूबर 2020 में राशिद नसीम अंकित सिंह व बृजमोहन सिंह द्वारा उसे प्रोजेक्ट दिया गया था और उसने उसे पूरा किया और इनका संचालन भी उसके द्वारा किया जा रहा था। मार्च 2021 में राशिद नसीम ने उसे दुबई बुलाया जहॉ पर लगभग 80 टीम लीडरों का सेमीनार आयोजित किया गया था, जिसमें इसने सभी को कम्पनी के प्लान व वेबसाइटों के बारे में जानकरी दी इसके बाद वह 31 मार्च को भारत वापस आ गया था। पिछले माह ही उसने आनन्द क्वैरी टेक्नोलाजी विभूतिखण्ड को उसने दिया था।

गिरफ्तार सुनील ने बताया कि 30 जून को राशिद नसीम ने उसे दुबाई से काल कर बृजमोहन कुमार सिंह, अंकित कुमार, मो0 फैजान अंसारी व सुभाश तुकाराम देवकते की गिरफ्तरी के बारे में बताया और कहा था की सर्तकरहना पुलिस कभी भी छापा मार सकती है मौका मिलते ही साफ्टवेयर और वेबसाइटों को डिलीट कर देना। कल शाम जब वह जब इस काम को कर रहा था तभी एसटीएफ ने दबोच लिया।

प्रवक्ता ने बताया कि शाइन ग्रुप आफ कम्पनीज व इस संगठित गिरोह द्वारा बनाई गयी विभिन्न कम्पनियों की जानकारी व इन कम्पनियों में विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर निवेश कराने वाले टीम लीडरों की जानकारी एकत्रित कीजा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस गिरोह द्वारा अलग-अलग कम्पनियां बनाकर पूरे भारत से हजारों करोड़ की ठगी की जा चुकी है। गिरफ्तार अभियुक्तो को अमेठी के कोतवाली गौरीगंज में दाखिल करा दिया गया है। अमेठी पुलिस ने दर्ज धारा 406/409/419/420 भादवि में दाखिल कर उसे अदालत में पेश करने के बाद आज जेल भेज दिया।

## लोक अदालत में हो सकते है 35 हजार मुकदमे निस्तारितः त्रिपाठी

**सहारनपुर संवादाता।**उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिला मुख्यालय और तहसीलों में 10 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में करीब 35 हजार मुकदमों का निस्तारण हो सकता है।

जिला न्यायाधीश एवंष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। जिला न्यायाधीश श्री त्रिपाठी ने बताया कि जो मुकदमें राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए चिन्हित किए गए हैं उसमें 10 हजार बैंक रिकवरी के मामले हैं, 15 हजार राजस्व विभाग के मामले,चैक बाउंस होने, मोटर दुर्घटना प्रतिकरवाद, उत्तराधिकार, बिजली एवं जल बिल से संबंधित,समनीय दंडवाद वैवाहिक/ पारिवारिक वाद, श्रम वाद,भूमि अधिग्रहण वाद और सेवानिवृत्ति के परिलाभों संबंधी मामले शामिल हैं।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि लोक अदालतों का सबसे बड़ा फायदा यह हैं कि इसमें आपस में जो सहमति बनती हैं उसे किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती और दोनों पक्ष संतुष्ट होते हैं। इसीलिए लोक अदालतें लोकप्रिय हो रही हैं और इनका महत्व भी दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इसके साथ अदालतों पर मुकदमों का बोझ भी कम होता है।उन्होंने कहा कि पक्षकार मोबाइल नंबरों का अपनी याचिका में उल्लेख करें ताकि पीठासीन अधिकारी दूसरे संबंधित पक्षों से सहमति ले सकें और उसके जरिए संबंधित सूचना या फैसले की जानकारी उसको दी जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ह्रषिकेश पांडे और लोक अदालत के नोडल अधिकारीअपर जिला जज राजेश कुमार तृतीय और अपर जिला जज परितोष श्रेष्ठ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। जिला न्यायाधीश ने प्रेस प्रतिनिधियों का इस बात के लिए आभार जताया कि मीडिया ने लोक अदालतों को आमजन तक पहुंचाया और उससे साधारण नागरिकों को बिना खर्चे के आसानी से न्याय प्राप्त हो रहा है।

# आरएसएस की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर:मायावती



## कहा, डरा-धमका कर व लालच आदि देकर किसी का भी धर्म परिवर्तन कराना अनुचित व अवैध है

**लखनऊ ब्यूरो।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की कथनी और करनी मे जमीन आसमान का फर्क है और यही कारण है कि आरएसएस के एजेंडे पर चलने वाली केन्द्र और प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित सरकार के कार्यकाल में देश में अल्पसंख्यकों के मन में असुरक्षा की भावना घर कर गयी है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत के रविवार को गाजियाबाद में दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये उन्होने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश समेत देश के जिन भी राज्यों में बीजेपी की सरकारें चल रही हैं वे भारतीय संविधान की सही मानवतवादी मंशा के मुताबिक चलने के बजाय आरएसएस के संकीर्ण एजेण्डे पर ही चल रही हैं, जिस कारण समाज व देश में तथा आर्थिक क्षेत्र में भी हर तरफ बेचैनी, अराजकता, हिंसा, तनाव एवं अफरातफरी का ही वातावरण व्याप्त है।

उन्होने कहा कि श्री भागवत द्वारा भारत में सभी धर्मों के लोगों का डीएनए एक होने व भीड़ हिंसा हिन्दुत्व के खिलाफ होने आदि की जो बात कही गई है वह किसी के गले के नीचे से आसानी से उतरने वाली नहीं है, क्योंकि आरएसएस व बीजेपी एण्ड कम्पनी के लोगों की तथा इनकी सरकारों की भी कथनी व करनी में अन्तर सभी देख रहे हैं।

बसपा प्रमुख ने कहा कि श्री भागवत का देश की राजनीति को विभाजनकारी बताकर उसे कोसना अनुचित है जबकि जिस बीजेपी व उनकी सरकारों को वे लोग जनहित व देशहित की खास परवाह किये बिना, आँख बन्द करके समर्थन देते रहे हैं उसी का परिणाम है कि यहाँ जातिवाद, राजनीतिक द्वेष, साम्प्रदायिक हिंसा आदि का ज़हर सामान्य जनजीवन को त्रस्त किये हुये है।

उन्होने कहा कि आरएसएस की भी कथनी व करनी में काफी जमीन-आसमान का अन्तर है। ख़ासकर जातिवाद, साम्प्रदायिक व धार्मिकता आदि के मामले में ये लोग जो कहते हैं करते ठीक उसका उल्टा हैं, जो सभी को मालूम है। इनकी ऐसी संकीर्ण नीति व कार्यकलापों का बसपा तीव्र विरोध करती रही है।

सुश्री मायावती ने कहा कि आरएसएस प्रमुख का कल का ताजा बयान वास्तव में लोगों को न केवल अविश्वसनीय है बल्कि मुँह में राम बगल में छुरी ही ज़्यादा लगता है।

उन्होने कहा कि डरा-धमका कर व लालच आदि देकर किसी का भी धर्म परिवर्तन कराना अनुचित व अवैध है लेकिन एक सोची-समझी रणनीति व साज़िश के तहत् इसकी आड़ में इसे जबरन हिन्दु-मुस्लिम मुद्दा बनाना तथा पूरे मुस्लिम समाज को शक की नजरों से देखना यह कतई भी उचित नहीं है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी की भाजपा सरकार द्वारा अधिकाशः जातिगत, धार्मिक व राजनैतिक द्वेष की भावना से जिन मामलों में भी जिनकी सम्पत्ति जब्त व ध्वस्त की गयी है उनमें ज्यादातर मुस्लिम समाज के लोग प्रभावित हुये है और इनमें असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है, जो ठीक नहीं है।

उन्होने कहा कि बसपा को अगर लगता कि बीजेपी सही में आरएसएस के शिकंजे से निकलकर व संवैधानिक सोच के मुताबिक चलकर सर्वसमाज एवं सभी धर्मों के लोगों के हित में काम कर सकती है तो फिर 1995 में ही बसपा इनका बाहरी समर्थन ठुकरा कर उत्तर प्रदेश की सरकार से इस्तीफा नहीं देती जबकि उस समय सपा की जाति व हिंसावादी राजनीति से तंग आकर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य सभी विरोधी पार्टियाँ बीएसपी की सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थीं। और फिर न ही सन् 2003 में इनके गलत इरादों को भाँपकर बी.एस.पी. इनसे अलग होती।

# जौनपुर समेत नौ मेडिकल कालेजों का मोदी करेंगे लोकार्पणः यादव



**जौनपुर, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के आवास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मकसद से जौनपुर समेत प्रदेश में नवनिर्मित नौ मेडिकल कालेजों का लोकार्पण इसी माह करेंगे।

श्री यादव ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गोमती नदी के सद्भावनापुर से हनुमानगढ़ होते हुए बजरंग घाट तक के सुंदरीकरण के कार्य का शिलान्यास करने के बाद पत्रकारों से कहा कि जौनपुर,गाजीपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, मिर्जापुर, फतेहपुर , प्रतापगढ़ , हरदोई और एटा में नवनिर्मित मेडिकल कालेजों की स्थापना का कार्य लगभग पूर्ण हो रहा है। इसी माह प्रधानमंत्री द्वारा इन मेडिकल कॉलेजों को लोकार्पित किया जाना प्रस्तावित है। एक साथ नौ मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण प्रदेश के इतिहास में अभूतपूर्व अवसर होगा।

उन्होंने कहा कि सुंदरीकरण के लिए 8 करोड़ 5 लाख स्वीकृत होकर आ गए हैं। कार्य शुरू हो गया है। गोमती नदी पर कलीचाबाद में शीघ्र ही एक पुल जौनपुर के पूर्व राजा यादवेंद्र दत्त दुबे के नाम पर बनेगा जिसकी भी स्वीकृति हो गई है शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इसी तरह गोमती नदी पर ही शास्त्री पुल के पास सड़क फोरलेन होने पर टूलेन का एक और पुल बनेगा , जिसका प्रस्ताव प्रदेश सरकार से स्वीकृत होकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास भेजा गया है वहां से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा ।

श्री यादव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें सभी जाति धर्म और संप्रदाय के लोगों के लिए कार्य कर रही हैं ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा अपर जिलाधिकारी भू राजस्व राजकुमार द्विवेदी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

# अखिलेश का आरोप वृक्षारोपण में फरेब कर रही भाजपा



**लखनऊ ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने सौ झूठ में एक नया झूठ वृक्षारोपण को भी जोड़ दिया है।

मुख्यमंत्री का दावा है कि उनके कार्यकाल में 100 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। लेकिन एक दिन में ही 25.51 करोड़ पौधे रोपने के दावे के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि इस सबके बावजूद उत्तर प्रदेश में हर तरफ हरियाली क्यों नहीं छा गई है और प्रदेश का वन क्षेत्र दुगना-चैगुना क्यों नहीं बढ़ गया?

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के सम्बंध में बड़े-बड़े दावों और रिकॉर्ड बनाने के विज्ञापनों के अलावा प्रदेश सरकार अब तक यह ब्यौरा नहीं दे पायी कि कहां कितने वृक्ष लगे हैं और उनमें कितने बचे हैं? भाजपा वृक्षारोपण के नाम पर वस्तुतः बजट का बंदरबांट करती है। उसकी नीति और नियत दोनों में खोट है।

भाजपा सरकार वृक्षारोपण का बहाना बनाती है और हकीकत में झूठ और नफरत के बीज बोती है। अगर वह सही अर्थों में वृक्षारोपण के लिए प्रतिबद्ध है तो उसे इस सम्बंध में साढ़े चार साल के कार्यकाल का श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। इससे सत्यता का पता चल जायेगा।

भाजपाई दावों के विपरीत समाजवादी सरकार के समय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया था। उसका गिनीज बुक में विश्व रिकॉर्ड बना था। लगाए गए पौधे बचे रहे इसलिए बुन्देलखण्ड में तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया था। हरित पार्कों का विकास किया गया था।समाजवादी सरकार के कार्यकाल में ही लोहिया पार्क और जनेश्वर मिश्र पार्क बनें जहां विविध किस्म के पौधे रोपे गएं। भाजपाई सहित हजारों लोग सुबह-शाम इन पार्कों में घूमने आते हैं और खुली तथा स्वच्छ हवा में सांस लेते हैं। भाजपा सरकार ने इन स्थलों के प्रति पूर्ण उपेक्षा भाव अपनाया हुआ है। हरियाली खत्म करने की साजिश है।

## अखिलेश ने किन्नर अखाड़ा की आचार्य से की मुलाकात

**लखनऊ ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से आज किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी तथा तंत्राचार्य सुनील चंद्रास्वामी के साथ आए प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट कर उन्हें जन्मदिवस पर बधाई के साथ विजय एवं यशस्वी होने का आशीर्वाद दिया।किन्नर आचार्य महामण्डलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की जीत होगी तो देश की राजनीति में भी परिवर्तन आएगा। इस समय देश की राजनीति संक्रमण के दौर में है। भारत में लोकतंत्र को बचाना है। यह काम अखिलेश यादव ही कर सकते हैं।आचार्य श्री लक्ष्मी त्रिपाठी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और सरकार में महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान मिला है। धर्मनिरक्षेपता के लिए सतत संघर्षशील रहे हैं। सन् 2022 में उत्तर प्रदेश की सरकार आपके नेतृत्व में ही बनेगी, यह हमारा आशीर्वाद है।

## सपा के बिहार प्रदेश के पूर्व महासचिव के निधन पर अखिलेश ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव सुभाष चन्द्र यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।श्री यादव से आज रायबरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर यादव के परिजन और वाराणसी के मुख्तार हाशमी के भाई चीकू पुत्र दानिश एवं शाजिद, हाजी नसीम ने भेंट की ।श्री यादव ने शोक संतप्त परिजनों को हर सम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कोरोना संक्रमण से राम बहादुर यादव और मुख्तार हाशमी का बीते महीने निधन हो गया था।

## यूपी में अगले दो दिन आसमान से बरसेंगे अंगार

**लखनऊ ब्यूरो।** मानसून के रूठने से उमस भरी गर्मी से बेहाल उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में अगले दो दिन लू चलने की संभावना मौसम विभाग ने जतायी है।मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मथुरा,हाथरस,आगरा,फिरोजाबाद,जालौन और झांसी में विशेष रूप से अगले 48 घंटों में गर्म हवायें चलने से तापमान में बढोत्तरी दर्ज किये जाने के आसार हैं। इस दौरान इक्का दुक्का स्थानों पर गरज चमक के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है जबकि अधिकतर क्षेत्रों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने के आसार हैं।

## धर्मांतरण मामले गिरफ्तार सलाहुद्दीन सात दिन की रिमांड पर

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा अवैध धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के मोहम्मद उमर गौतम के सहयोगी सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख से पूछताछ के लिए अदालत ने सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की। हालांकि एटीएस ने दस दिनों की रिमांड मांगी थी।

एटीएस प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जून को गुजरात एटीएस के सहयोग से सलाहुद्दीन को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया था। उसे तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाने के बाद अदालत में पेश किया,जिसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। एटीएस ने न्यायालय के समक्ष सलाहुद्दीन की 10 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। अदालत ने आज एटीएस के रिमांड पर लेने के प्रथार्ना पत्र पर सुनवाई करते हुए सलाहुद्दीन को पूछताछ के लिए सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली। एटीएस कल से सलाहुद्दीन से रिमांड पर लेगी और धर्मांतरीण मामले में गिरफ्तार उमर गौतम व अन्य अभियुक्तों के विषय में हवाला द्वारा दिए गए धन व अन्य बिन्दुओं पर सलाहुद्दीन से पूछताछ करेगी।

गौरतलब है कि मूक बधिर बच्चों का धर्म परिवर्तन कराने के मामले में एटीएस ने 20 जून को दो व्यक्तियों को दिल्ली के जामिया से गिरफ्तार किया था। इस मामले में 28 जून को एटीएस ने तीन अन्य आरोपियों इरफान शेख, अब्दुल मन्नान व राहुल भोला गिरफ्तार किया गया था। एटीएस के विवेचक अनिल कुमार विश्वकर्मा के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने तीनों की पांच दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली थी।

## महिला कांस्टेबल ने किया आत्महत्या का प्रयास,थानेदार पर उत्पीडन का आरोप

**कासंगज,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में कासंगज में कोतवाली सहावर में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने थाना प्रभारी निरीक्षक पर उत्पीडन का आरोप लगाते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।पुलिस सूत्रों के अनुसार सहावर थाने में तैनात कांस्टेबल वैशाली पुंढीर ने थाना परिसर स्थित सरकारी आवास में आज फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। फांसी लगाने के पहले लिखे सुसाइट नोट वैशाली ने थानेदार राजेश कुमार मीणा पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।उन्होंने बताया कि आनन-फानन में पुलिस ने महिला कांस्टेबल को अस्पताल में करा दिया। उसकी हालत नाजूक बताई जा रही है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## खेल मंत्री को अपशब्द कहने का वीडियो वायरल, पांच गिरफ्तार

**बलिया,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के खेल राज्य मंत्री उपेंद्र तिवारी को अपशब्द कहे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने आज पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि खेल राज्यमंत्री को अपशब्द कहे जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इस मामले में राज्यमंत्री के भतीजे अश्वनी तिवारी ने सदर कोतवाली में नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी व उनके पिता पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी सहित दस नमजद व सैकड़ों अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पांच आरोपी को सपा कार्यालय से आज गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई वायरल वीडियो की जांच के आधार पर की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में शैलेन्द्र यादव,मनीष यादव, टिंकल सिंह , शिवपाल सिंह यादव और विकास कुमार ओझा शामिल है। नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष व उनके पिता पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी के सवाल पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और इसमें जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## बालिका बधू से ससुर ने की कोर्ट मैरिज

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां पर एक शख्स का आरोप है कि बिना तलाक लिए उसकी पत्नी से उसके पिता ने शादी कर ली और उसे और उसके छोटे भाई को अकेला छोड़ दिया।

बदायूं जिले के कस्बा बिसौली के गांव दबतरा के रहने वाले 45 साल के देवानंद की पत्नी की 2015 में मौत हो गई थी। उस समय देवानंद की उम्र करीब 39 साल थी1 देवानंद को उसके परिजनों ने सुझाव दिया कि वो दूसरी शादी कर अपना घर बसा ले लेकिन देवानंद ने उस समय अपने 15 वर्षीय पुत्र सुमित की शादी का फैसला लिया और साल 2016 में शादी करा दी। लेकिन शादी के छह महीने बाद सुमित और उसकी पत्नी में मनमुटाव रहने लगा। जिसकी वजह से दोनों में दूरियां आ गई और बहू के अपने ससुर देवानंद के साथ प्रेम संबंध बन गए।देवानंद ने अपनी बहू से 2017 में कोर्ट मैरिज कर ली और दोनों चंदौसी में जाकर रहने लगे फिर उनका एक दो साल का बेटा भी हुआ।बेटे सुमित को शराब और जुए की लत थी रुपये की ये जरूरत उसके पिता से ही पूरी होती थी, लेकिन कुछ दिन बाद देवानंद ने अपने बेटे को पैसे देना बंद कर दिए और सुमित ने वकील के कहने पर देवानंद के वेतन संबंधी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी।

# गोमती रिवर फ्रंट मामले में ठेकेदार के घर सीबीआई का छापा, आवास सीज



**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने आज यहां ठेकेदार पुनीत अग्रवाल के घर छापा मारा और उसे सीज कर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.ब्रजेश कुमार सिंह ने आज यहॉ बताया कि गोमती रिवर फ्रंट की जांच को लेकर आज दोपहर सीबीआई की छह सदस्यीय टीम ने सोमवार सुबह शहर के पॉश इलाके चैगुर्जी और आवास विकास में ठेकेदार पुनीत अग्रवाल के सिविल लाइन्स स्थित घर पहुंची और छापेमारी से जुडी जानकारी दी । करीब चार घंटे तक सीबीआई की टीम ने फाइलों को खंगाला । टीम को पुनीत अग्रवाल घर पर नहीं मिले लेकिन कई फाइलें व कागजात कब्जे में लिए हैं। इस दौरान ठेकेदार परिवार के साथ फरार हो गये।

गौरतलब है कि गोमती रिवरफ्रंट घोटाले में आरंभिक जांच के बाद दो जुलाई को नया केस सीबीआई ने दर्ज किया था। उसके बाद घोटाले से जुड़े 190 लोगों को नामजद कर उनके घरों, दफ्तरों और प्रतिष्ठानों में छापामारी का सिलसिला शुरू कर दिया है । इसी क्रम में ठेकेदार पुनीत अग्रवाल के घर पर छापा मारा गया। पुनीत अग्रवाल को प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का करीबी बताया है। ।

लखनऊ में गोमती रिवर फ्रंट घोटाले को लेकर सीबीआई उत्तर प्रदेश,बंगाल,राजस्थान समेत सात राज्यो में छापेमारी की है।

## अज्ञात कारणों से विवाहिता ने जहर खाया, हुई मौत

**औरैया,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के ऐरवाकटरा क्षेत्र में अज्ञात कारणों से विवाहिता की जहर खाने से मौत हो गई जबकि उसके परिजनों ने ससुरालियों पर जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के गांव हरनागरपुर निवासी रिंकी ने बीती रात्रि जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी तबियत बिगड़ गयी। ससुरालीजन उसे उपचार के लिए मेडीकल यूनिवर्सिटी सैंफई ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।पुत्री की मौत की सूचना पर पहुंचे पिता रामपाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा कि उसने चार वर्ष पूर्व अपनी पुत्री रिंकी की शादी क्षमतानुसार दान-दहेज देकर राहुल के साथ की थी। शादी के बाद से ससुराली अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर रिंकी को प्रताड़ित किया जाता था ।दहेज के लालच में रिंकी को जहर खिलाकर उसकी हत्या कर दी है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिये भी लोक निर्माण विभाग निभा रहा है अहम भूमिका:मौर्य



## कहा , शैक्षिक योग्यता के आधार पर मृतक आश्रितों को नौकरी दिये जाने का प्राविधान किया जायेगा

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिये भी लोक निर्माण विभाग अहम भूमिकाते हुए हर्बल मार्गों के साथ प्लास्टिक मार्गों का भी निर्माण करा रहा है।

श्री मौर्य ने आज यहां लोक निर्माण विभाग स्थित विश्वेश्वरैया हॉल में लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम व निर्माण निगम के कोविड व अन्य कारणों से मृतक कार्मिकों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर विभाग के मृतक अधिकारियों व कर्मचारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मृतकों के आश्रितों को नौकरी व अन्य देयों आदि के भुगतान के लिये लोक निर्माण मुख्यालय पर सिंगल विन्डो सिस्टम स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-2) इसके नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह सेतु निगम व निर्माण निगम में भी सिंगल विन्डो सिस्टम डेवलप होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षिक योग्यता के आधार पर मृतक आश्रितों को नौकरी दिये जाने का प्राविधान किया जायेगा और मृतक आश्रितों के देयों का भुगतान 15 दिन में किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

श्री मौर्य ने अपने मार्मिक सम्बोधन में कहा कि लोक निर्माण विभाग केवल सड़कें, पुल ही नहीं बना रहा है बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिये भी लोक निर्माण विभाग अहम भूमिका निभा रहा है और इसी क्रम में विभाग हर्बल मार्गों के साथ प्लास्टिक मार्गों का भी निर्माण करा रहा है।

उन्होंने कहा कि डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम पथों की पूरे देश में तारीफ हो रही है। राज्य सरकार द्वारा शहीदों और पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम पर भी सड़कों का निर्माण करा रही है। वृक्षारोपण अभियान में भी लोक निर्माण विभाग काफी आगे है। पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों के आश्रितों को विभाग द्वारा 22-22 लाख रुपये की धनराशि सहयोग के रूप में दी गयी है। कोरोना की पहली लहर में श्रमिकों व गरीबों को लाखों की तादाद में विभाग द्वारा लन्च पैकेट व राशन के पैकेट वितरित किये गये, साथ ही कम्यूनिटी किचन सेन्टरों का संचालन विभाग द्वारा किया गया और लाखों लोगों को रोजगार भी दिया गया।

उन्होने कहा कि लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम व राजकीय निर्माण निगम के कोविड व नान-कोविड अन्य कारणों से मृतक 711 अधिकारियों, कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके परिवारीजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और विश्वेश्वरैया सभागार में 25 आश्रितों को प्रत्यक्ष रूप से बुलाकर सांकेतिक रूप में नियुक्ति पत्र वितरीत किये। उन्होंने सभी आश्रितों को विश्वास दिलाया कि लोक निर्माण विभाग उनके साथ खड़ा है और हमेशा उनके दुःख सुख में साथ रहेगा तथा स्थापित किये जा रहे सिंगल विण्डो सिस्टम के माध्यम से सभी औपचारिकताएं जल्दी से जल्दी पूरी कराते हुये सभी मृतक आश्रितों को नौकरी व देयों का भुगतान कराया जायेगा।

## उत्तर प्रदेश में खुले सिनेमा घर, मल्टीप्लेक्स

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में कोरोना महामारी की वजह से बंद चल रहे सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स, जिम और स्पोर्ट्स स्टेडियम आज सोमवार से खोल दिए गये लेकिन स्वीमिंग पूल और स्कूल व कॉलेज अब भी बंद रहेंगे।अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि कोरोना के कम होते हुए मामलों को देखते हुए गतिविधियों की शुरुआत कर दी गई हैं। इस दौरान कोविड दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।श्री अवस्थी ने कहा, यह छूट सप्ताह में पांच दिनों के लिए होंगी। शनिवार और रविवार को साप्ताहिक बंदी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि स्वीमिंग पूल पहले की तरह अगले आदेश तक बंद रहेंगे। विवाह व धार्मिक स्थलों पर भी एक समय में अधिकतम 50 लोगों के जमा होने पर छूट होगी।

## ट्रक से 50 लाख की शराब बरामद, चालक समेत तीन फरार

**फिरोजाबाद,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के मक्खनपुर इलाके में पुलिस ने ट्रक से 550 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की,जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मक्खनपुर थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने सूचना पर पुलिस टीम के साथ सांती पुल की तरफ से शिकोहाबाद की ओर शराब लदे ट्रक को रुकवाने का प्रयास किया। इस पर चालक ट्रक रोकने बजाय तेज रफ्तार कर भागने लगा। पुलिस ने ट्रक का पीछा किया तो वह पायनियर पुल के पास अनियंत्रत होकर पलट गया। मौके से ट्रक चालक व दो अन्य लोग फरार हो गये।उन्होंने बताया कि ट्रक में चावल की भूसी के अलावा लाई के बोरे लदे थे और बीच में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की 550 पेटियां बरामद की गई। इनमें 140 पेटी बोतल, 350 पेटी हाफ तथा 60 पेटी क्वार्टर की बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत लगभग 50 लाख रूपये है। पुलिस फरार चालक व उसके दो साथियों की तलाश कर रही है।

## मुठभेड़ में तीन इनामी बदमाश गिरफ्तार

**अयोध्या,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या के बीकापुर कोतवाली इलाके में हुई पुलिस मुठभेड़ में फरार चल रहे तीन इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोतवाली बीकापुर पुलिस और क्राइम ब्रान्च की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर निधियावा मोड चौरेबाजार के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया।

## संपादकीय

## ये तो होना ही था ! विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल में भाजपा का लहराया परचम



चुनाव शुरू होने से ही कुछ लोग इसे राजनैतिक रंग देने में लगे थे। वे इसे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल बता रहे थे। भाकियू के दिल्ली बार्डर पर चल रहे आंदोलन के मद्देनजर कुछ विश्लेषकों का कहना था कि इस चुनाव में भाजपा को भाकियू की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा।उत्तर प्रदेश में बहु प्रतिक्षित जिला पंचायत चुनाव संपन्न हो गया। हर बार की तरह इस चुनाव में सत्ता बल और धनबल विजयी रहा। सिद्धांत और विचार धारा कूड़े में पड़ी नजर आईं। विचारधारा गौण हो गई। प्रदेश की 75 जिला पंचायत सीट में से 67 पर भाजपा विजयी रही। दो सीट पर उसके समर्थक दल का कब्जा रहा। सपा को सिर्फ पांच सीट मिली। एक सीट रालोद को गई। पश्चिमी इलाके में सपा- रालोद और भाकियू का गठबंधन कोई भी करिश्मा नहीं कर सका। अपने गढ़ मुजफ्फर नगर में भारतीय किसान यूनियन का प्रत्याशी मात्र चार वोट पाकर ही घर बैठ गया। रालोद-भाकियू के गढ़ पश्चिम उत्तर प्रदेश की 14 सीट में से 13 पर भाजपा ने विजय पताका फहराई। चुनाव शुरू होने से ही कुछ लोग इसे राजनैतिक रंग देने में लगे थे। वे इसे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल बता रहे थे। भाकियू के दिल्ली बार्डर पर चल रहे आंदोलन के मद्देनजर कुछ विश्लेषकों का कहना था कि इस चुनाव में भाजपा को भाकियू की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। वह ये भूल गए कि ये चुनाव सत्ता का चुनाव है। सत्ता में जो दल होता है, उसके ही प्रत्याशी प्राय: विजयी होतें हैं। 2016 में समाजवादी पार्टी की सरकार में सपा के 26 जिला पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए थे। जबकि इस बार भाजपा के 21 जिला पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध बने। एक सपा का भी जिला पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। सपा सरकार में 2016 के चुनाव में सपा के 63 जिला पंचायत अध्यक्ष चुने गए थे। इस बार भाजपा और उसके समर्थक दल के दो अध्यक्ष मिला कर कुल 69 चुने गए हैं।

बसपा ने तो पहले ही चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। सपा-रालोद मिलकर चुनाव लड़ रहे थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारतीय किसान यूनियन भी इनके साथ थी। इसके बावजूद यह शुरूआत से ही बैकफुट पर रहे। इस चुनाव में आम जनता मतदान नहीं करती है बल्कि जनता से चुने गए सदस्य मतदान करते हैं। मीडिया रिपोर्टों में यहां तक कहा गया कि इनकी खुलकर बोली लगती है। निर्धारित राशि तै हो जाने पर सदस्य प्रत्याशी के साथ चले जाते हैं। इस बार सदस्य का रेट 15 से 20 लाख के आसपास रहा। विजेता को पांच- छह करोड़ के आसपास रूपया व्यय करना पड़ा।

चुनाव की विशेष बात यह रही कि इसमें जमकर क्रास वोटिंग हुई। बिजनौर जनपद में भाजपा के आठ सदस्य विजयी हुए थे। अन्य दल के इस प्रकार थे। सपा 20, रालेद चार भाकियू दो,असपा आठ , बसपा पांच अन्य छह। सपा,रालोद और भाकियू के दो सदस्य मिलाकर 26 सदस्य हो रह थे। लग रहा था कि सपा प्रत्याशी विजयी होगा। किंतु 26 की जगह सपा को 25 ही वोट मिले। भाजपा के साकेंद्र चौधरी 30 मत पाकर विजयी रहे। मुजफ्फरनगर में अकेले भाकियू ने अपना प्रत्याशी लड़ाया। यह भाकियू का गढ़ है। भाकियू को अपने गढ़ में ही बुरी तरह पराजय हाथ लगी। उसके प्रत्याशी सत्येंद्र बालियान को कुल चार मत मिले। इस सीट पर भाजपा के 13 सदस्य ही विजयी हुए थे। भाजपा इन तेरह की बदौलत तीस तक पंहुच गई। भाजपा प्रत्याशी 26 मत से विजयी रहा।आठ में से पांच मुस्लिम सदस्यों ने भी भाजपा प्रतूयाशी को वोट किया। नौ मतदाताओं ने मतदान नही किया। रालोद-भाकियू के गढ़ पश्चिम उत्तर प्रदेश की 14 सीट में से 13 पर भाजपा ने विजय पताका फहराई। अकेले बागपत में ही रालोद का प्रत्याशी विजयी रहा।चुनाव संपन्न हो गया । अगर इसे विधान सभा चुनाव का सेमीफाइनल माने तो भाजपा पूर्ण बहुमत से भी आगे निकल गई। वैसे इस चुनाव को विधान सभा चुनाव का सेमी फाइनल कहना गलत है। इतना जरुर है कि ये भाजपा के 67 और दो गठबंधन के कुल 69 जिला पंचायत अध्यक्ष विधान सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आगामी चुनाव में प्रत्याशी के पक्ष में मजबूती के साथ खड़े होंगे।

– अशोक मधुप

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# ड्रग्स मुक्त भारत बनाने के लिए नशे के विरुद्ध जागरुकता पैदा करें संचार माध्यम



माता-पिता को भी सोचना होगा कि हमारे पास आज कल समय नही है। हम बस जिंदगी का गुजारा करने के लिए दौड़ रहे हैं। अपने जीवन को और अच्छा बनाने के लिये दौड़ रहे हैं। लेकिन इस दौड़ के बीच में भी, अपने बच्चों के लिये हमारे पास समय है क्या?

बौद्ध दर्शन में संसार की जटिलता को समझाने के लिए बुद्ध ने चार आर्यसत्यों की बात की है। ये सत्य हैं- संसार में दुख है। दुख का कारण है। इसका निवारण है। और इसके निवारण का मार्ग भी है। बुद्ध ने दुख के निवारण के लिए अष्टांग मार्ग सुझाया था, जिसमें सम्यक दृष्टि से लेकर समाधि तक के आठ सोपान हैं। भारत में नशे की समस्या को अगर इन चार आर्यसत्यों की कसौटी में कसकर समझना हो, तो पहले दो बिंदुओं, यानी भारत में नशा है और नशे का कारण भी है, इस पर कोई विवाद नहीं है। लेकिन बाद के दो सत्यों को अगर हम देखें, तो बेहद कम लोग हैं जो नशे के निवारण का मार्ग अपनाते हैं और इसका निवारण पूर्ण रूप से करते हैं।

किसी परिवार का बेटा या बेटी नशे के दलदल में फंस जाते हैं, तो सिर्फ वो व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका पूरा परिवार तबाह हो जाता है। ड्रग्स और नशा ऐसी भंयकर बीमारी है, जो अच्छों अच्छों को हिला देती है। पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का एक किस्सा मुझे पढ़ने को मिला। इस किस्से में प्रधानमंत्री लिखते हैं...कि जब मैं गुजरात में मुख्यमंत्री के रूप में काम करता था, तो कई बार मुझे हमारे अच्छे-अच्छे अफसर मिलने आते थे और छुट्टी मांगते थे। तो मैं पूछता था कि क्यों? पहले तो वो बोलते नहीं थे, लेकिन जरा प्यार से बात करता था तो बताते थे कि बेटा बुरी चीज में फंस गया है। उसको बाहर निकालने के लिए ये सब छोड़-छाड़ कर, मुझे उस के साथ रहना पड़ेगा। और मैंने देखा था कि जिनको मैं बहुत बहादुर अफसर मानता था, उनका भी सिर्फ रोना ही बाकी रह जाता था।इस समस्या की चिंता सामाजिक संकट के रूप में करनी होगी। हम जानते हैं कि एक बच्चा जब इस बुराई में फंसता है, तो हम उस बच्चे को दोषी मानते हैं। जबकि सच यह है कि नशा बुरा है। बच्चा बुरा नहीं है, नशे की लत बुरी है। हम आदत को बुरा मानें, नशे को बुरा मानें और उससे दूर रखने के रास्ते खोजें। अगर हम बच्चे को दुत्कार देंगे, तो वो और नशा करने लग जाएगा। ये अपने आप में एक मनोवैज्ञानिक-सामाजिक और चिकित्सकीय समस्या है। और उसको हमें मनोवैज्ञानिक-सामाजिक और चिकित्सकीय समस्या के रूप में ही देखना पड़ेगा। नशा एक इंसान को अंधेरी गली में ले जाता है, विनाश के मोड़ पर लाकर खड़ा कर देता है और उसके बाद उस व्यक्ति की जिंदगी में बर्बादी के अलावा और कुछ नहीं बचता।

युवाओं को नशे के खिलाफ जागरुक करने में मीडिया की अहम भूमिका है। और मीडिया अपना ये रोल बखूबी निभा रहा है। आज मीडिया को युवाओं का सही मार्ग दर्शक बनकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की आवश्यकता है। 18वीं शताब्दी के बाद से, खासकर अमेरिकी स्वतंत्रता आंदोलन और फ्रांसीसी क्रांति के समय से जनता तक पहुंचने और उसे जागरूक कर सक्षम बनाने में मीडिया ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीडिया अगर सकारात्मक भूमिका अदा करे, तो किसी भी व्यक्ति, संस्था, समूह और देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है। वर्तमान समय में मीडिया की उपयोगिता, महत्त्व एवं भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। मीडिया समाज को अनेक प्रकार से नेतृत्व प्रदान करता है। इससे समाज की विचारधारा प्रभावित होती है। मीडिया को प्रेरक की भूमिका में भी उपस्थित होना चाहिये, जिससे समाज एवं सरकारों को प्रेरणा व मार्गदर्शन प्राप्त हो। मीडिया समाज के विभिन्न वर्गों के हितों का रक्षक भी होता है। वह समाज की नीति, परंपराओं, मान्यताओं तथा सभ्यता एवं संस्कृति के प्रहरी के रूप में भी भूमिका निभाता है। आज नशा देश की गंभीर समस्या बनता जा रहा है। समाज से नशे के खात्मे के लिए सामाजिक चेतना पैदा करने की जरूरत है। और यह कार्य मीडिया के द्वारा ही संभव है। नशे के खात्मे के लिए हम सबको एकजुट होना होगा, ताकि नशामुक्त समाज की रचना की जा सके। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में एक दिन में 11 करोड़ रुपए की सिगरेट पी जाती है। इस तरह एक वर्ष में 50 अरब रुपए हमारे यहां लोग धुंए में उड़ा देते हैं।नशे में डूबे हुए उन नौजवानों को दो घंटे, चार घंटे नशे की लत में शायद एक अलग जिंदगी जीने का अहसास होता होगा। परेशानियों से मुक्ति का अहसास होता होगा, लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि जिन पैसों से आप ड्रग्स खरीदते हो वो पैसे कहां जाते हैं? आपने कभी सोचा है? कल्पना कीजिये! यही ड्रग्स के पैसे अगर आतंकवादियों के पास जाते होंगे! इन्हीं पैसों से आतंकवादी अगर शस्त्र खरीदते होंगे! और उन्हीं शस्त्रों से कोई आतंकवादी मेरे देश के जवान के सीने में गोलियां दाग देता होगा! उस गोली में कहीं न कहीं आपकी नशे की आदत का पैसा भी है, एक बार सोचिये और जब आप इस बात को सोचेंगे, तो आप निश्चित ही नशा मुक्त भारत के सपने को साकार कर पाएंगे। 'ड्रग्स फ्री इंडिया' के स्वप्न को साकार करने के लिए आज समग्र प्रयासों की आवश्यकता है। व्यक्ति को स्वयं, उसके परिवार, यार, दोस्तों, समाज, सरकार और कानून सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। किसी भी व्यक्ति को नशे की लत से बाहर लाना असंभव नही है। यह थोड़ा मुश्किल जरुर है। यदि समग्र प्रयास किए जाएं, तो यह काम आसान हो सकता है। हमारे समक्ष ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि लोग नशे की लत से बाहर आए और उन्होंने एक अच्छा नागरिक बन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया। एक मजबूत भारत के लिए आवश्यक है कि हम भारत को ड्रग्स मुक्त देश बनाएं।कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि जब जीवन में निराशा आ जाती है, विफलता आ जाती है, जीवन में जब कोई रास्ता नहीं सूझता, तब आदमी नशे की लत में पड़ जाता है। जिसके जीवन में कोई ध्येय नहीं है, लक्ष्य नहीं है, इरादे नहीं हैं, वहां पर ड्रग्स का प्रवेश करना सरल हो जाता है। ड्रग्स से अगर बचना है और अपने बच्चे को बचाना है, तो उनको ध्येयवादी बनाइये, कुछ करने के इरादे वाला बनाइये, सपने देखने वाला बनाइये। आप देखिये, फिर उनका बाकी चीजों की तरफ मन नहीं लगेगा। इसलिए मुझे स्वामी विवेकानंद के वो शब्द याद आते हैं कि – 'एक विचार को ले लो, उस विचार को अपना जीवन बना लो। उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो। उस विचार को जीवन में उतार लो। अपने दिमाग, मांसपेशियों, नसों, शरीर के प्रत्येक हिस्से को उस विचार से भर दो और अन्य सभी विचार छोड़ दो'। विवेकानंद जी का ये वाक्य, हर युवा मन के लिये है।

माता-पिता को भी सोचना होगा कि हमारे पास आज कल समय नही है। हम बस जिंदगी का गुजारा करने के लिए दौड़ रहे हैं। अपने जीवन को और अच्छा बनाने के लिये दौड़ रहे हैं। लेकिन इस दौड़ के बीच में भी, अपने बच्चों के लिये हमारे पास समय है क्या? हम ज्यादातर अपने बच्चों के साथ उनकी लौकिक प्रगति की ही चर्चा करते हैं? कितने मार्क्स लाया, एग्जाम कैसे हुए, क्या खाना है, क्या नहीं खाना है? कभी हमने अपने बच्चे की दिल की बात सुनने की कोशिश की है। आप ये जरूर कीजिये। अगर बच्चे आपके साथ खुलेंगे, तो वहां क्या चल रहा है ये आपको पता चलेगा। बच्चे में बुरी आदत अचानक नहीं आती है, धीरे धीरे शुरू होती है और जैसे-जैसे बुराई शुरू होती है, तो उसके व्यवहार में भी बदलाव शुरू होता है। उस बदलाव को बारीकी से देखना चाहिये। उस बदलाव को अगर बारीकी से देखेंगे, तो मुझे विश्वास है कि आप बिल्कुल शुरुआत में ही अपने बच्चे को बचा लेंगे। मैं समझता हूं, जो काम मां-बाप कर सकते हैं, वो कोई नहीं कर सकता। हमारे यहां सदियों से हमारे पूर्वजों ने कुछ बातें बड़ी विद्वत्तापूर्ण कही हैं। और तभी तो उनको स्टेट्समैन कहा जाता है। हमारे यहां कहा गया है-

5 वर्ष लौ लीजिये<br>
दस लौं ताड़न देई<br>
सुत ही सोलह वर्ष में<br>
मित्र सरिज गनि देई

यानी बच्चे की 5 वर्ष की आयु तक माता-पिता प्रेम और दुलार का व्यवहार रखें, इसके बाद जब पुत्र 10 वर्ष का होने को हो, तो उसके लिये अनुशासन होना चाहिये। और जब बच्चा 16 साल का हो जाये, तो उसके साथ मित्र जैसा व्यवहार होना चाहिये। खुलकर बात होनी चाहिये। मुझे लगता है कि हमारे पूर्वजों द्वारा कही गई ऐसी अनेक बातों का उपयोग हमें अपने पारिवारिक जीवन करना चाहिए। मीडिया का आज एक महत्वपूर्ण अंग है सोशल मीडिया। हम में से जो लोग सोशल मीडिया में एक्टिव हैं, उनसे मैं आग्रह करता हूं कि हम सब मिलकर के हैशटैग के साथ एक आंदोलन चला सकते हैं। क्योंकि आज ज्यादातर बच्चे सोशल मीडिया से भी जुड़े हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्ति के खिलाफ मुहिम की शुरुआत की है। मीडिया को नशामुक्त समाज बनाने की दिशा में अपने प्रयासों में तेजी लाने की आवश्यक्ता है।

– प्रो. संजय द्विवेदी

## समय की नजाकत को समझते हुए किसान नेता सरकार के साथ वार्ता की शुरुआत करें



दरअसल वार्ता की मेज पर जब दो पक्ष बैठते हैं तो दोनों को झुकना पड़ता है। एक पक्ष के झुकने से काम नहीं चलता। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथ 11 दौर की वार्ता में बुलाने पर किसान नेता गए तो किंतु कृषि कानून में कमी नहीं बता सके।

पिछले दिनों संसद में पास हुए तीन कृषि कानूनों की वापसी को लेकर लगभग सात माह से कुछ किसान संगठन आंदोलन कर रहे हैं। दिल्ली के चारों ओर ये संगठन डेरा डाले हैं। आंदोलनकारी संगठनों की मांग है कि तीनों कृषि कानून निरस्त किये जाएं। इससे कम पर वे तैयार नहीं हैं। भाजपा के अलावा अन्य अधिकांश राजनैतिक दल भी इन कानून की वापसी की मांग कर रहे हैं। शुरुआत से ही केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर कहते रहे हैं किसान संगठन आएं और बात करें तथा कानून में क्या कमियां हैं, यह बताएं। कमियों के बारे में कृषि कानून में संशोधन कर लिया जाएगा। कृषि कानून का निरस्त किया जाना संभव नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री का दावा है कि देश के अधिकांश क्षेत्र, यूनियन और किसान कृषि कानूनों के समर्थन में हैं। जिन लोगों को आपत्ति है, उनसे सरकार ने कई दौर की वार्ता की है। हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री ने फिर कहा कि हमने किसान यूनियन के लोगों को कहा है कि कानूनों को रद्द करने के अलावा सरकार किसी भी प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए तैयार है।दरअसल वार्ता की मेज पर जब दो पक्ष बैठते हैं तो दोनों को झुकना पड़ता है। एक पक्ष के झुकने से काम नहीं चलता। केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ 11 दौर की वार्ता में बुलाने पर किसान नेता गए तो किंतु कृषि कानून में कमी नहीं बता सके। उनकी एक ही रट रही कि सरकार तीनों किसान कानून वापस ले। अन्य किसान संगठन इन कानून के समर्थन में हैं, इसलिए सरकार इन्हें वापिस लेने की हालत में नहीं हैं। सरकार को डर है यदि कानून वापिस होतें हैं तो इनका समर्थन करने वाले संगठन आंदोलन न करने लगें। वार्ता शुरू होते ही किसान संगठन तीनों कानून वापिस करने की मांग करते हैं। सरकार की ओर से कानून की कमी बताने को कहने पर वे कुर्सी घुमाकर बैठ जाते हैं। वार्ता ऐसे नहीं होती, वार्ता में दोनों पक्ष जब मेज पर बैठते हैं तो ये सोचकर बैठते हैं कि समझौते के लिए दोनों पक्षों को ही झुकना पड़ता है। एक पक्ष के झुकने से कभी समझौता नहीं होता। तीन कृषि कानून पर आंदोलनकारी किसान नेता झुकने को तैयार नहीं हैं।तीनों कृषि कानून संसद में पास हुए हैं। संसद में विचार के समय रखे जाने पर अधिकांश दल ने इनका विरोध नहीं किया। दरअसल ये कृषि कानून वह हैं जो पिछली सरकारों में तैयार हुए, पर पास नहीं हो पाए। वर्तमान सरकार में संसद में इन कानूनों के आने के दौरान भी कोई विरोध नहीं हुआ। इन कानून के बारे में आज आंदोलनरत कई किसान संगठनों ने समर्थन भी किया। आज इस कानून का विरोध करने वाले भाकियू के एक बड़े नेता तो शुरुआत में इनका समर्थन कर रहे थे। उन्होंने कहा था कि इन कानून के बनने से भाकियू के दिवंगत राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह टिकैत के सपने साकार हुए हैं। अब ये नेता तीनों कानून वापसी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।कृषि कानूनों पर पिछले सात महीने से चले आ रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार को पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) चीफ शरद पवार का साथ मिला है। पवार ने गुरुवार को कहा कि कृषि कानूनों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता। हां, इतना जरूर है कि कानून के उस हिस्से में संशोधन करना चाहिए, जिसको लेकर किसानों को दिक्कत है। शरद पवार से मीडिया ने पूछा कि क्या महाविकास अघाड़ी सरकार केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में प्रस्ताव लाएगी? इसके जवाब में उन्होंने कहा, पूरे बिल को खारिज कर देने की बजाय हम उस भाग में संशोधन की मांग कर सकते हैं जिसे लेकर किसानों को आपत्ति है। उन्होंने कहा कि इस कानून से संबंधित सभी पक्षों पर विचार करने के बाद ही प्रस्ताव को विधानसभा के पटल पर लाया जाएगा।एनसीपी चीफ ने यह भी कहा कि महाविकास अघाड़ी (रूङ्क) सरकार के मंत्रियों का एक समूह केंद्र के इस बिल के अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन कर रहा है। शरद पवार ने आगे कहा कि राज्यों को अपने यहां इस कानून को लागू करने से पहले इसके विवादित पहलुओं पर विचार करना चाहिए। शरद पवार की बात बिलूकुल सही है कि कानून में जो गलत हो, उस पर अमल न किया जाए। उन प्रावधानों को ही निरस्त किया जाए। बाकी कानून लागू रहे। ये ही स्वस्थ विचार है।

# सहकारी संघवाद का मजबूत और जीता जागता उदाहरण है जीएसटी

केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने बताया है कि पिछले चार वर्षों में करदाताओं का आधार 66 लाख 25 हजार से लगभग दुगुना होकर 1 करोड़ 28 लाख हो गया है। जीएसटी के तहत करों की दरें कम हो जाने से देश में कर अनुपालन भी बढ़ा है।भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था। यह अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर सुधार का एक एतिहासिक एवं बड़ा कदम माना गया था। इस प्रणाली को लागू करने के शुरुआती दौर में जरूर, कई आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था परंतु वक्त के साथ, इस प्रणाली में किए गए कई बदलावों के साथ, अब जीएसटी प्रणाली की सराहना व्यापारी, उत्पादक एवं राज्य सरकारें भी करने लगी हैं। जीएसटी प्रणाली को प्रारम्भ करते समय केन्द्र और राज्यों के स्तर पर लगने वाले उत्पाद शुल्क, सेवा कर, वैट और 13 अन्य प्रकार के उपकर आदि कुल 17 तरह के करों को जीएसटी प्रणाली में समाहित किया गया था।जीएसटी प्रणाली को लागू किए जाने के 4 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि जीएसटी लागू किए जाने के बाद से करों की दरों में कटौती हुई है एवं कर अदा करने वाले संस्थानों की संख्या भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री महोदय ने भी जीएसटी प्रणाली की सराहना करते हुए कहा है कि यह भारत के आर्थिक परिदृश्य में मील का पत्थर साबित हुआ है। जीएसटी ने करों की संख्या, अनुपालन बोझ और आम आदमी पर समग्र कर बोझ में कमी की है। साथ ही कर प्रणाली में पारदर्शिता, अनुपालन और समग्र संग्रह में काफी अच्छी वृद्धि भी दर्ज हुई है। केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने बताया है कि पिछले चार वर्षों में करदाताओं का आधार 66 लाख 25 हजार से लगभग दुगुना होकर 1 करोड़ 28 लाख हो गया है। जीएसटी के तहत करों की दरें कम हो जाने से देश में कर अनुपालन भी बढ़ा है। इस दौरान जीएसटी के माध्यम से संग्रहित हो रहे राजस्व में भी धीरे-धीरे वृद्धि होती रही है एवं जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद से अभी तक 66 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं, कर की दरों में कटौती हुई है एवं कर अदा करने वाले संस्थानों की संख्या बढ़ी है। यह लगातार आठवां महीना होगा जब जीएसटी राजस्व की वसूली 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गयी है। अप्रैल 2021 में तो 1.41 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जीएसटी राजस्व संग्रहण देखा गया था। मई 2021 माह में राजस्व वसूली पिछले साल के इसी महीने में जीएसटी राजस्व वसूली से 65 प्रतिशत अधिक रही है। अधिकांश राज्यों में कोविड महामारी के कारण सख्त लॉकडाउन जारी होने के बावजूद जीएसटी राजस्व संग्रहण में यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।




दरअसल देश में जीएसटी को लागू करने के पीछे मुख्य रूप से 5 लक्ष्यों को प्राप्त करना था, महंगाई पर लगाम लगाना, अप्रत्यक्ष कर अनुपालन में सुधार करना, टैक्स चोरी को कम करना, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर्ज करना एवं कर संग्रहण में वृद्धि करना। जीएसटी को लागू करने के बाद शुरू शुरू में जरूर काफी रुकावटें रहीं परंतु केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के आपसी सहयोग से शुरुआती दौर में इस प्रणाली को लागू करने में आई लगभग सभी परेशानियों को दूर कर लिया गया और अंतत: अब इस प्रणाली का फायदा पूरे देश को होता दिख रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से जीएसटी प्रणाली लागू किया गया था। अब देश में न सिर्फ कर संग्रहण एक सही प्रारूप में आ गया है बल्कि भारत में एक देश एक टैक्स का जो नारा लगाया जाता था वह भी अब साकार रूप लेता दिखाई दे रहा है। इस नारे को करीब करीब प्राप्त कर लिया गया है। प्रतिमाह एक लाख करोड़ रुपए के संग्रहण के लक्ष्य को अब आसानी से प्राप्त किया जा रहा है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जानी चाहिए। देश का व्यापारी वर्ग एवं उद्योगपति भी अब व्यापार एवं उत्पादन में अप्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में सहूलियत महसूस करने लगे हैं। एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में वस्तुओं को लाने एवं ले जाने में एक क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। भारत एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही विश्व पटल पर भी आर्थिक दृष्टि से एक मजबूत देश के रूप में उभर रहा है। जीएसटी प्रणाली को लागू करने में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों का मिलाजुला प्रयास रहा है। सहकारी संघवाद का यह एक मजबूत एवं जीता जागता उदाहरण माना जा सकता है। भारत में व्यापार करने में अब आसानी हुई है। कर संग्रहण केंद्र एवं राज्यों सरकारों दोनों के लिए ही बढ़ा है।

अप्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में भारत में जीएसटी के रूप में सबसे बड़ा सुधार कार्यक्रम लागू हुआ है। जीएसटी कर प्रणाली को लागू करने के साथ ही देश में आर्थिक प्रगति की गति थोड़ी कम जरूर हुई थी परंतु, यह केवल जीएसटी प्रणाली लागू करने के चलते नहीं थी इसके लिए अन्य कई कारक भी जिम्मेदार थे। दूसरे, यह अभी भी माना जा रहा है कि जीएसटी प्रणाली में लागू की गई 4 प्रकार की कर की दरें अधिक हैं इन्हें कम किए जाने की गुंजाइश है। जीएसटी प्रणाली को लागू किए जाने के पूर्व कर उगाही की समस्या लगातार बनी रहती थी, परंतु इसमें अब सुधार दृष्टिगोचर है। जीएसटी दरों को वैसे तो लगभग सारे उत्पादों पर कम किया गया है और इससे देश की जनता को सीधे ही लाभ हुआ है। साथ ही कर की दरों में कमी किए जाने से कर संग्रहण में वृद्धि हुई है एवं करदाताओं की संख्या बढ़ी है जिससे अंतत: कर का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत बढ़ा है।

देश में व्यापारियों एवं उत्पादकों के लिए यदि आसान कर प्रणाली लागू की जाती है तो इससे व्यापार में वृद्धि होना स्वाभाविक है साथ ही इससे विभिन्न राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार के कर संग्रहण में भी वृद्धि हुई है। पूर्व में राज्य सरकारों के लिए कर संग्रहण के लिए ङ्कङ्ग एवं मनोरंजन कर मुख्य साधन हुआ करते थे परंतु जीएसटी प्रणाली के लागू होने के बाद से राज्य सरकारों के लिए उक्त करों के हट जाने के बावजूद कर संग्रहण में वृद्धि हुई है। देश में अब तो व्यापारी एवं उत्पादक वर्ग की भी इस जीएसटी के रूप में लागू किए गए आर्थिक सुधार के प्रति आशावादी सोच है। क्योंकि, अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के नियमों को भी अब सरल बनाया गया है तथा इन वर्गों द्वारा अप्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में महसूस की जा रही लगभग सभी समस्याओं को सुलझा लिया गया है। पिछले 4 वर्षों के दौरान अप्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग दुगना हो गया है। यह तभी सम्भव होता है जब व्यापारी के लिए व्यापार करना आसान होता है। अब हमारे देश के व्यापारी भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में खड़े हो सकते हैं।

अप्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में पहिले जो कर की चोरी होती थी उसमें अब जीएसटी प्रणाली के लागू किए जाने के बाद भारी गिरावट देखने में आई है। जीएसटी एक विकसित कर प्रणाली है इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती है। जीएसटी प्रणाली के अन्तर्गत व्यापारिक संस्थानों के रजिस्ट्रेशन बहुत भारी संख्या में बढ़े हैं। ई-वे बिल प्रणाली भी सफलता पूर्वक लागू हो गई है। अप्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में इन विकसित प्रणालियों को लागू किए जाने से देश में विकास की दर को लम्बी अवधि के लिए गति प्रदान करने में आसानी होगी। अब तो पेट्रोल एवं डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की मांग उठ रही है। परंतु पेट्रोलीयम पदार्थों से कर की वसूली आज राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार दोनों के लिए आय का एवं बहुत बड़ा स्त्रोत है। इन पदार्थों को किस प्रकार जीएसटी के दायरे में लाना है, इस विषय पर जीएसटी कौंसिल की बैठक में विचार हो रहा है। किंतु इसे मूर्त रूप प्रदान करने में समय लग सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था के वापिस पटरी पर आते ही इस प्रकार के समस्त अन्य मुद्दे भी सुलझा लिया जाएंगे।

-प्रह्लाद सबनानी<br>
सेवानिवृत्त उप-महाप्रबंधक<br>
भारतीय स्टेट बैंक

# टोक्यो ओलंपिक्स में केआईआईटी के चार प्रतिनिधि उतरेंगे










**भुवनेश्वर,वार्ता।** केआईआईटी की ओर से आगामी टोक्यो ओलंपिक में तीन एथलीटों- दुती चंद, सीए भवानी देवी और शिवपाल सिंह और केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स मेडिसिन चिकित्सक डॉ सुदीप सत्पथि प्रतिनिधित्व करेंगे। केआईआईटी भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसके तीन एथलीट और एक अधिकारी (डॉक्टर) टोक्यो ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधित्व करेंगे। ओलंपिक खेल 23 जुलाई 2021 से शुरू होने वाले हैं। यह जानकारी डॉ अच्युता सामंत, संसद सदस्य (लोकसभा) और संस्थापक,केआईआईटी और केआइएसएसएस ने दी।

भुवनेश्वर में एक राष्ट्रीय वर्चुअल पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए डा सामंत ने कहा कि केआईआईटी और केआइएसएस में खेलों को व्यापक रूप से प्रोत्साहित कर इस तरह के अद्वितीय गौरव को प्राप्त करने प्रति सक्षम हैं। उल्लेखनीय है कि केआइएसएस ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 5000 से अधिक खेल प्रतिभाओं को बनाया है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय खेलों जैसे राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में देश के लिए पदक लेकर आए विजेता शामिल हैं। केआईआईटी के कई छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में अपने प्रदर्शन से संस्थान, राज्य और देश का नाम रोशन किया है।

श्री. तुषारकांति बेहरा, माननीय मंत्री, खेल और युवा सेवाएं और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, ओडिशा सरकार इस वर्चुअल फेलिसिटेशन एंड इंटरेक्शन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि श्री विशाल कुमार देव, आईएएस, प्रमुख सचिव, खेल और युवा सेवाएं और पर्यटन विभाग, ओडिशा सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. सस्मिता सामंत, प्रो-वीसी, केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी ने भी पत्रकारों से बातचीत की।श्री. तुषारकांति बेहरा, माननीय मंत्री, खेल और युवा सेवाएं और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, ओडिशा सरकार इस वर्चुअल फेलिसिटेशन एंड इंटरेक्शन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि श्री विशाल कुमार देव, आईएएस, प्रमुख सचिव, खेल और युवा सेवाएं और पर्यटन विभाग, ओडिशा सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. सस्मिता सामंत, प्रो-वीसी, केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी ने भी पत्रकारों से बातचीत की।

इस अवसर पर डॉ. सामंत ने दुती चंद के लिए दो महत्वपूर्ण उपहारों की घोषणा की, जो उन्हें ओलंपिक से लौटने के बाद भेंट किये जाएंगे । डॉ सामंत ने कहा कि केआईआईटी और वह खुद व्यक्तिगत रूप से 2013 से दुती के अच्छे और बुरे समय के दौरान उनके साथ रहे हैं। भविष्य में भी दुती का साथ देते रहेंगे. डॉ गगनेंदू दाश, निदेशक-खेल, केआईआईटी ने एथलीटों की जानकारी दी। मौके पर खेल प्रेमी और केआईआईटी और केआइएसएस के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. सामंत ने दुती चंद के लिए दो महत्वपूर्ण उपहारों की घोषणा की, जो उन्हें ओलंपिक से लौटने के बाद भेंट किये जाएंगे । डॉ सामंत ने कहा कि केआईआईटी और वह खुद व्यक्तिगत रूप से 2013 से दुती के अच्छे और बुरे समय के दौरान उनके साथ रहे हैं। भविष्य में भी दुती का साथ देते रहेंगे. डॉ गगनेंदू दाश, निदेशक-खेल, केआईआईटी ने एथलीटों की जानकारी दी। मौके पर खेल प्रेमी और केआईआईटी और केआइएसएस के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले चयनित काउंटी इलेवन से खेल सकती है भारतीय टीम

**लंदन,वार्ता।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) इस महीने के अंत में मेहमान भारतीय टीम के लिए एक अभ्यास मैच का आयोजन कर सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहता है तो चयनित काउंटी इलेवन के साथ यह तीन दिवसीय मैच 20 से 22 जुलाई तक खेला जाएगा।

ईसीबी ने यह फैसला भारतीय टीम प्रबंधन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच के आग्रह के बाद लिया है। भारतीय टीम प्रबंधन इस व्यवस्था से खुश है, क्योंकि उसकी तरफ से यह आग्रह देर से आया था, इसलिए जाहिर तौर पर केवल एक मैच के लिए ही था। भारतीय टीम से जुड़े एक सूत्र ने कहा, हमने जो चाहा वो मिल गया है। हम समझ सकते हैं कि इस स्तर पर अभ्यास मैच आयोजित करना मुश्किल है। भारतीय खेमा ईसीबी की दुविधाओं को भी समझ रहा है। दरअसल इंग्लैंड बोर्ड 21 जुलाई को 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट का शुभारंभ कर रहा है। परिणामस्वरूप इंग्लैंड और अधिकतर काउंटी खिलाड़ियों के अपनी संबंधित फ्रेंचाइजी के साथ नए सफेद गेंद टूर्नामेंट में व्यस्त होने की उम्मीद है। पिछले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन को अभ्यास मैच की जरूरत महसूस हुई थी। भारतीय खिलाड़ी फिलहाल ब्रेक पर हैं। वे 14 जुलाई को टेस्ट सीरीज से पहले प्रशिक्षण शिविर के लिए डरहम में इकट्ठा होंगे। चार अगस्त को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में पहला टेस्ट शुरू होगा।इस बीच यह जानकारी सामने आई है कि शुभमन गिल की जगह तत्काल कोई प्रतिस्थापन नहीं होगा, जो पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं। समझा जाता है कि उनकी पिंडली पर तनाव है, जो उनके लिए अंतरराष्ट्रीय एथलीटों से अपेक्षित मानकों के अनुरूप फिट होना मुश्किल बना रहा है, हालांकि इस स्तर पर ठीक होने के लिए उन्हें सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। संभावना है कि शुभमन को घर वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

## दिविज शरण मिश्रित युगल के दूसरे दौर में बाहर

**लंदन, वार्ता।** भारत के दिविज शरण वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए।

शरण और उनकी जोड़ीदार ब्रिटेन की सामंथा मरे शरण को 10 वीं सीड जोड़ी दक्षिण अफ्रीका के रावेन क्लासेन और क्रोएशिया की दारिजा जुराक ने दो घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 7-6, 6-3 से पराजित किया और अगले दौर में जगह बना ली। शरण और सामंथा मरे के पास मैच जीतने का मौका था लेकिन पहला सेट जीतने के बाद उन्होंने दूसरे सेट का टाई ब्रेक 1-7 से गंवा दिया। क्लासेन और जुराक ने इसका फायदा उठाते हुए तीसरा और निर्णायक सेट 6-3 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

## लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की महिला पहलवान सिमरन ने जीता ट्रायल

**नयी दिल्ली,वार्ता।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर की महिला पहलवान सिमरन उफ़ा (रूस) में आयोजित जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की बेटी ने दिल्ली में इतिहास रचते हुए, जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है 7 लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुश्ती कोच विजय कुमार से गुर सीखने वाली बेटी, अब देश के नाम पदक जीतकर अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करेगी। जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 16 से 22 अगस्त 2021 तक उफ़ा (रूस) में होगी 7 भारतीय कुश्ती संघ की ओर से विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए टीम इंडिया के चयन ट्रायल दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आज दिनांक आयोजित किया गया था जिसमें महिला फ्री स्टाइल के 50 किलोग्राम वर्ग में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर की महिला पहलवान सिमरन ने अपने दोनों मुकाबले हरियाणा की मजबूत प्रतिद्वंद्वियों अंतिम और हनी को हराया व उत्तर प्रदेश की निशा को पटकनी देते हुए टीम इंडिया में अपना स्थान पक्का किया। उनकी इस जीत पर एलपीयू के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. राज कुमार शर्मा, एलपीयू के कुश्ती कोच विजय कुमार, अर्जुन पुरस्कार विजेता कृपाशंकर बिशनोई, दीपक कुमार, ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बारिश ने श्रीलंका को क्लीन स्वीप होने से बचाया

**ब्रिस्टल,वार्ता।** बारिश ने श्रीलंका को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में रविवार को सीरीज में 0-3 की क्लीन स्वीप होने से बचा लिया। तीसरा मैच रद्द रहा और इंग्लैंड ने यह सीरीज 2-0 से जीत ली।

श्रीलंका ने 41.1 ओवर में 166 रन बनाये। दासुन शनाका ने सर्वाधिक 48 रनों की पारी खेली। टॉम करेन ने 35 रन पर चार विकेट लिए जबकि डेविड विली और क्रिस वोक्स को दो -दो विकेट मिले। बारिश आने के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू ही नहीं हो सकी और मैच को रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। डेविड विली को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

## सुलतानपुर के ताइक्कांडो के दो खिलाड़ियों को मिला सम्मान

**सुलतानपुर, वार्ता।** ताइक्कांडो के क्षेत्र में भी सुलतानपुर जिला अपना नाम रोशन कर रहा है और यहां के दो होनहार खिलाड़ियों को भारतीय ताइक्कांडो के पितामह ग्रैंडमास्टर डाक्टर जिम्मी आर जगतयानी ने उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

सुलतानपुर ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव प्रणय चंद्र शुक्ला ने आज यहां बताया की संघ के दो खिलाड़ी प्रसून चंद्र शुक्ला ब्लैक बेल्ट थर्ड डॉन एवं उत्सव पांडे ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन की उपलब्धि प्राप्त की है। जिन्हें पिछले दिनों ताइक्कांडो विधा को भारत में लाने वाले फादर ऑफ इंडियन ताइक्कांडो ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगतयानी ने सम्मानित किया एवं खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो संघ सचिव सी के शर्मा एवं जिला ताइक्कांडो संघ सुलतानपुर के अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप दुबे एडवोकेट, जिला क्रीड़ा अधिकारी शीला भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों को बधाई हो शुभकामनाएं दी है।

## यूक्रेन को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**रोम, वार्ता।** इंग्लैंड ने यूक्रेन को शनिवार को 4-0 से हराकर यूरो कप फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।इंग्लैंड की जीत में हैरी केन ने दो गोल दागे जबकि हैरी मैग्वायर और जॉर्डन एंडरसन ने एक-एक गोल दागा।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेंस्की ने अपनी राष्ट्रीय टीम को फेसबुक के जरिये धन्यवाद देते हुए कहा कि वह टीम से भविष्य में और बेहतर परिणाम की उम्मीद करते हैं। जेलेंस्की ने कहा,मुझे पूरा विश्वास है कि हम 2022 विश्व कप में जगह हासिल करने की दिशा में अग्रसर हैं।

इंग्लैंड सात जुलाई को वेम्ब्ली में यूरो सेमीफाइनल में डेनमार्क से भिड़ेगा जबकि स्पेन का इटली से लंदन में छह जुलाई मंगलवार को मुकाबला होगा। फ़ाइनल 11 जुलाई को लंदन के वेम्ब्ली स्टेडियम में खेला जाएगा।

## दिल्ली सरकार ने दर्शकों के बिना स्टेडियम और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स खोलने की दी अनुमति

**नयी दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों को दर्शकों के बिना खोलने की अनुमति प्रदान कर दी है दिल्ली आपदा प्रबंधन अथॉरिटी (डीडीएमए) ने रविवार को जारी आदेश में यह बात कही है।

स्टेडियम और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स सोमवार से खुलेंगे।डीडीएमए ने अपने आदेश में साथ ही कहा कि स्टेडियम और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स खोलते समय यह भी ध्यान रखना होगा कि कोविड 19 का पालन करने की सरकार की मानक संचालन प्रक्रिया और अन्य दिशा निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाए।

## सुधांशु मित्तल फिर से चुने गए खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, एमएस त्यागी महासचिव




**नई दिल्ली,वार्ता।** भारतीय खो खो फेडरेशन (केकेएफआई) की वार्षिक बैठक (एजीएम) सोमवार, 5 जुलाई को सुबह 10.00 बजे 2021-2025 की अवधि के लिए केकेएफआई के नए पदाधिकारियों का चुनाव करने के लिए आयोजित की गई जिसमें सुधांशु मित्तल को फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया जबकि महेंद्र सिंह त्यागी को महासचिव चुना गया।

न्यायमूर्ति राजेश टंडन, पूर्व न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय (नैनीताल) ने रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) होने के नाते चुनाव परिणामों की घोषणा की। निम्नलिखित पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया है-अध्यक्ष-सुधांशु मित्तल,महासचिव = महेन्द्र सिंह त्यागी, कोषाध्यक्ष = सुरेंद्र कुमार भूटियानी। इसके अलावा, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कार्यकारी समिति के सदस्य भी सर्वसम्मति से चुने गए। अनिल खन्ना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भी आईओए पर्यवेक्षक के रूप में एजीएम में भाग लिया।

सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश खो-खो संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचक मंडल ने केकेएफआई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। केकेएफआई के अध्यक्ष और महासचिव ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए, भारत के स्वदेशी खेल खो-खो के विकास और प्रचार के लिए सभी इकाइयों को न केवल देश में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने खो-खो के खेल को एशियाई खेलों के साथ-साथ ओलंपिक में शामिल करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खो-खो कोचिंग कैंप, प्रतियोगिताएं और सेमिनार आदि आयोजित करने के अपने दृष्टिकोण के बारे में भी सदन को बताया।

अपने समापन भाषण में आर.ओ. ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और खो-खो के खेल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## टी-20 विश्व कप टीम में अपनी जगह पक्की करने पर ध्यान देंगे शिखर धवन: लक्ष्मण



**मुंबई,वार्ता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि श्रीलंका दौरे पर भारत ए टीम के कप्तान शिखर धवन टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस मौके का इस्तेमाल करेंगे। उनका ध्यान टी-20 विश्व कप टीम में जगह पक्की करने पर होगा।

लक्ष्मण ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम ' गेम प्लान ' पर श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में शिखर धवन द्वारा नेतृत्व की भूमिका का इस्तेमाल टी-20 विश्व कप टीम में जगह सुरक्षित करने के बारे में कहा, मुझे लगता है कि उन्हें भारतीय टीम, खासकर सफेद गेंद टीम के लिए उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। वह इस टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि शिखर इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट होंगे कि उन्हें इस अवसर का उपयोग करना है, विशेष रूप से टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा, यहां रोहित शर्मा और लोकेश राहुल भी हैं जो बेहतरीन सलामी बल्लेबाज हैं। विराट कोहली ने साफ तौर पर कहा है कि वह टी-20 फॉर्मेट में पहले बल्लेबाजी करना चाहते हैं, इसलिए शिखर धवन को तेज रन बनाते रहना होगा।

इस बीच वह श्रीलंका के खिलाफ भारत ए टीम के कप्तान की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। बेशक किसी को भी अपने देश का नेतृत्व करने पर गर्व होगा, लेकिन उनका ध्यान रन बनाने और अपनी जगह को सुरक्षित स्थिति में रखने पर होगा।

पूर्व भारतीय ऑल राउंडर इरफान पठान ने कहा, वह बहुत मस्ती करने वाले इंसान हैं। जब भी आप उनसे मिलेंगे तो उन्हें हमेशा हंसता हुआ देखेंगे। वह बहुत खुशमिजाज हैं। युवा खिलाड़ी उनके आसपास बहुत सहज होंगे और मुझे लगता है एक लीडर के रूप में उनके पास साबित करने के लिए एक बिंदु होगा, किसी के लिए नहीं, बल्कि अपने लिए, क्योंकि पिछली बार जब वह एक आईपीएल टीम का नेतृत्व कर रहे थे तो वह उनके लिए बहुत उपयोगी कदम नहीं था, लेकिन यह कई वर्ष पहले की बात है। अगर कोई वरिष्ठ खिलाड़ी कुछ करना चाहता है तो उसे किसी और को अपनी बात साबित करने की कोशिश करने के बजाय खुद को समझाने की जरूरत है, इसलिए वह नेतृत्व के लिए सच में उत्साहित होंगे। साथ ही वह न केवल प्रदर्शन करने के लिए, बल्कि सभी युवाओं के साथ अपने अनुभव को साझा करने के लिए भी उत्सुक होंगे।

## जोकोविच और बार्टी क्वार्टरफाइनल में , स्वीयतेक बाहर





लंदन, 05 जुलाई (वार्ता) विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच और विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी ने सोमवार को लगातार सेटों में जीत दर्ज करते हुए वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन और सातवीं सीड पोलैंड की इगा स्वीयतेक चौथे दौर में तीन सेटों में हारकर बाहर हो गयीं।

पांच बार चैंपियन रह चुके जोकोविच ने पहली बार चौथे दौर में खेल रहे चिली के क्रिस्टियन गारिन को मात्र एक घंटे 49 मिनट में 6-2, 6-4, 6-2 से हराकर 12 वीं बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी जबकि बार्टी ने चेक गणराज्य की बेरबोरा क्रेजिकोवा को एक घंटे 35 मिनट में 7-5, 6-3 से पराजित कर पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। स्वीयतेक ट्यूनीशिया की ओंस जबौर से पहला सेट जीतने के बावजूद तीन सेटों में 7-5, 1-6,1-6 से एक घंटे 41 मिनट में हार गयीं।

इस बीच दूसरी सीड बेलारूस की अर्यना सबालेंका ने 18 वीं सीड कजाखस्तान की एलेना रिबाकिना को एक घंटे 49 मिनट में 6-3, 4-6, 6-3 से पराजित कर अंतिम आठ में स्थान बना लिया।

## मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद पर बहाल



**हैदराबाद, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के अध्यक्ष पद पर फिर से बहाल कर दिया गया है। लोकपाल न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दीपक वर्मा ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए अजहरुद्दीन को निलंबित करने वाले एपेक्स काउंसिल के पांच सदस्यों पर कारवाई करते हुए उन्हें अस्थाई रूप से अयोग्य कर दिया है।

अजहरुद्दीन को बीते दिनों नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में इस पद से बर्खास्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि पूर्व भारतीय कप्तान को सितंबर 2019 में एचसीए का अध्यक्ष बनाया गया था। एचसीए लोकपाल ने अंतरिम आदेश में एचसीए एपेक्स काउंसिल के पांच सदस्यों उपाध्यक्ष के जॉन मनोज, आर विजयानंद, नरेश शर्मा, सुरेंदर अग्रवाल और अनुराधा को अस्थाई रूप से अयोग्य करार दिया है, जिनकी ओर से काउंसिल के संविधान के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए अजहरूद्दीन को निलंबित किया गया था।

लोकपाल दीपक ने आदेश में कहा, अजहरुद्दीन के खिलाफ शिकायत लोकपाल के पास नहीं भेजी गई, इसलिए इसकी कोई मान्यता नहीं है। एपेक्स काउंसिल स्वयं इस तरह के फैसले नहीं कर सकता, इसलिए अगर इन पांच सदस्यों द्वारा क्रिकेट संघ के निर्वाचित अध्यक्ष को निलंबित करने के लिए कोई प्रस्ताव पारित किया गया है तो मैं उसे रद्द करने को उचित समझता हूं और कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए यह निर्देश देता हूं कि पांचों सदस्य एचसीए अध्यक्ष मोहम्मद अजहरूद्दीन के खिलाफ आगे कोई भी कार्रवाई करने से दूर रहें। उन्होंने कहा, मैं निर्देश देता हूं कि मोहम्मद अजहरुद्दीन एचसीए के अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे और पदाधिकारियों के खिलाफ सभी शिकायतों पर लोकपाल द्वारा ही निर्णय लिया जाएगा। उपरोक्त तथ्यों और विशेषताओं से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि क्रिकेट के खेल को प्रोत्साहित करने के बजाय हर कोई उन कारणों के लिए राजनीति कर रहा है जो उन्हें सबसे अच्छी तरह से पता हैं। इससे उस उद्देश्य को कोई मतलब नहीं रह जाता जिसके लिए एचसीए का गठन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि अजहरुद्दीन पर नियम का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद उन्हें 15 जून को निलंबन का नोटिस भेजा गया था। उन पर एचसीए के खाते से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था।

## मेरे अंदर रनों की भूख वैसी ही है जैसी 22 साल पहले हुआ करती थी: मिताली

**नयी दिल्ली,वार्ता।** भारतीय टीम की कप्तान मिताली राज ने शनिवार को खेल के सभी तीनों प्रारूपों को मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने का गौरव हासिल किया। उन्होंने अपनी शानदार पारी से टीम को जीत भी दिलाई। लेकिन अभी भी उनकी रनों की भूख कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा है कि उनकी रन बनाने की भूख अब भी वैसी ही है जैसे 22 साल पहले हुआ करती थी और वह अगले साल न्यूजीलैंड में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी बल्लेबाजी को नए मुकाम पर ले जाने की कोशिश कर रही हैं।मिताली की 89 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से बनी नाबाद 75 रन की पारी से भारत ने शनिवार को तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया।

## मिताली की नाबाद पारी , भारतीय महिला टीम ने जीता आखिरी वनडे

**वोरसेस्टर,वार्ता।** कप्तान मिताली राज की नाबाद 75 रन की जबरदस्त पारी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को तीसरे और आखिरी वनडे में शनिवार को चार विकेट से हरा दिया। हालांकि यह मैच हारने के बावजूद इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।वर्षा बाधित इस मुकाबले में ओवरों की संख्या 47 कर दी गयी। इंग्लैंड ने 47 ओवर में 219 रन बनाये जबकि भारत ने 46.3 ओवर में छह विकेट पर 220 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान मिताली ने 86 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से नाबाद 75 रन की मैच विजयी पारी खेली। ओपनर शेफाली वर्मा ने 19 और स्मृति मंधाना ने 57 गेंदों में आठ चौकों के सहारे 49 रन बनाये। हरमनप्रीत कौर ने 16 और दीप्ति शर्मा ने 18 रन बनाये जबकि स्नेह राणा ने 22 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 24 रन की पारी खेली।




मिताली और राणा ने छठे विकेट के लिए 50 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। राणा 46वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुई लेकिन तब तक भारत का स्कोर 214 रन पहुंच चुका था। मिताली ने 47वें ओवर की तीसरी गेंद पर विजयी चौका मारकर जीत भारत की झोली में डाल दी। मिताली को प्लेयर ऑफ द मैच और सोफी एक्लस्टोन को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

इससे पहले इंग्लैंड की पारी में कप्तान हीथर नाईट ने 46 और नताली शिवर ने 49 रन बनाये। इंग्लैंड एक समय तीन विकेट पर 151 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था लेकिन इसके बाद उसने 68 रन जोड़कर अपने शेष सात विकेट गंवा दिए। भारतीय गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा ने 10 ओवरों में 47 रन देकर तीन विकेट हासिल किये।

दोनों टीमें अब नौ जुलाई से तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेंगी।

## अक्षय कुमार को लेकर कॉमेडी फिल्म बनाएंगे प्रियदर्शन



**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक प्रियदर्शन, खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार को लेकर कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं।

प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार को लेकर 'हेरा फेरी' सीरीज, 'गरम मसाला' और 'भूल भुलैया' जैसी कई कॉमडी फिल्में बनायी है।प्रियदर्शन एक बार फिर अक्षय को लेकर कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं।प्रियदर्शन ने बताया कि वह अगले साल 2022 में अक्षय कुमार के साथ एक कॉमेडी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

प्रियदर्शन ने बताया कि वह इसी साल अक्षय कुमार के साथ फिल्म शुरू करने वाले थे, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण यह प्रॉजेक्ट आगे बढ़ गया। उन्होंने कहा, हमें इस साल इसकी शूटिंग शुरू करनी थी, लेकिन इसमें देरी हो गई। यह पूरी तरह से एक कॉमेडी फिल्म है और अब हम इसकी शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू करने की सोच रहे हैं।'

प्रियदर्शन इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'हंगामा 2' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जो 23 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। यह फिल्म उनकी साल 2003 की इसी नाम की हिट कॉमेडी फिल्म की अगली कड़ी है। फिल्म में परेश रावल, शिल्पा शेट्टी और मीजान जाफरी की अहम भूमिकायें है।

## यश कुमार की बंधन राखी का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, वार्ता।** भोजपुरी अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म बंधन राखी का ट्रेलर रिलीज हो गया।

निर्माता दुर्गा प्रसाद मजूमदार की फिल्म बंधन राखी का ट्रेलर रिलीज हो गया है।इस ट्रेलर में बहन के प्रति एक भाई की जिम्?मेवारी की संवेदनशील प्रस्तुति देखने को मिली है, जो बहनों के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा देता है, लेकिन उसे बदले में मिलता है तृस्कार। फिल्म का ट्रेलर कुछ इसी कहानी को बयां करता है, जिसमें प्रेम, समर्पण और संवदेनशीलता नजर आ रही है। फिल्म के ट्रेलर में एक बार फिर से यश कुमार और पूनम दुबे का जलवा खूब देखने को मिला है, उनकी केमेस्ट्री शानदार है।गौरतलब है कि आदि शक्ति एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फ़िल्म बंधन राखी का के निर्देशक अजय कुमार झा हैं। फिल्म के निर्माता और कहानीकार दुर्गा प्रसाद हैं। लिरिक्स अशोक कुमार, अरबिंद तिवारी और सत्य शंकर का है, जबकि म्यूजिक दुर्गा नटराज - मधुकर आनंद का है। डीओपी समीर जहाँगीर और कोरियोग्राफर प्रवीन शेलार हैं। फिल्म में यश कुमार के साथ ऋचा दीक्षित, पूनम दुबे, मोहन सिंह, प्रिया झा, सान्या सिंह, राधे मिश्रा,राव रणविजय,भानु पांडेय,जे नीलम और मेहमान भूमिका में खुद दुर्गा प्रसाद मजूमदार नजर आएंगे।

## विक्की कौशल ने फिल्म 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' में अपने लुक की झलक शेयर की



**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' में अपने लुक की झलक शेयर की है।विक्की कौशल फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा को लेकर काफी चर्चा में हैं। फिल्म द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा में विक्की कौशल महाभारत के योद्धा 'अश्वत्थामा' का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनके साथ सारा अली खान अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य धर कर रहे हैं, फिल्म को अगले साल रिलीज किया जा सकता है।विक्की कौशल अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी आगामी फिल्मों से जुड़े अपडेट शेयर करते रहते हैं। इसी बीच उन्होंने फिल्म द इम्मोर्टल की तैयारियों का एक वीडियो शेयर किया है।इस वीडियो को विक्की ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि लैप टॉप स्क्रीन पर ग्राफिक रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही उनके फेस को तीन अलग-अलग एंगल में डिजिटल रूप से तैयार किया जा रहा है। इस ब्लैक एंड व्हाइट वीडियो के बैक ग्राउंड में एक स्टॉग म्यूजिक भी सुनाई दे रहा है।इससे पूर्व विक्की कौशल ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुये लिखा, 'जब डायरेक्टर आपको फिल्म में कास्टिंग करने को लेकर वाकई में गंभीर हो। अमर होने की तैयारी!'

# कॉलर बॉम्ब जो ट्रेलर में दिख रही है, वो नहीं है... यही इसकी ब्यूटी है: जिम्मी शेरगिल

**नई दिल्ली वार्ता।** 2021 में अपने करियर के 25 साल पूरे कर रहे जिम्मी शेरगिल ने कई बेहतरीन फ़िल्मों और किरदारों के ज़रिए अपनी अलग पहचान बनायी है। रोमांटिक किरदारों से लेकर थ्रिलर फ़िल्मों तक में जिम्मी ने अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय जिम्मी रंगबाज़ और योर ऑनर सीरीज़ के बाद डिज़्नी प्लस हॉटस्टार की फ़िल्म कॉलर बॉम्ब में एक पुलिस ऑफ़िसर की मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। न्यानेश ज़ोटिंग निर्देशित कॉलर बॉम्ब थ्रिलर फ़िल्म है, जो 9 जुलाई को प्लेटफॉर्म पर आएगी। जिम्मी की जागरण डॉटकॉम से बातचीत के कुछ अंश। कहीं ना कहीं कहानी सबसे ज़रूरी होती है। किस माहौल में सेट है। जो दुनिया आप लोगों को दिखाने जा रहे हैं, वो दुनिया क्या लोगों को दो घंटे या डेढ़ घंटे के लिए कुर्सी से बांधकर रखेगी, क्योंकि यह एक थ्रिलर है। जब यह सारी चीज़ें फिट बैठ जाती हैं तो मुझे लगता है कि यह एक अच्छी कहानी है। एक अच्छी थ्रिलर है।



जब यंग लोग जुड़े होते हैं, जिन्होंने बहुत सारा सिनेमा देखा होता है और एक चाह होती है कि कुछ ऐसा बनाएं कि लोगों को थ्रिलर का मज़ा आए। जब आपके पहुंचती ऐसी कहानी पहुंचती है तो आप उसे पढ़ते हैं। आपको अच्छी लगती है। आपके डिस्कशंस होते हैं कि आप इसको कैसे करने की सोच रहे हैं। उस वक्त आपका दिमाग़ सेट हो जाता है कि यह अच्छी थ्रिलर है। आप सही कह रहे हैं कि मैंने काफ़ी थ्रिलर की हैं। काफ़ी समय बाद एक नई थ्रिलर लेकर आ रहे हैं हम लोग। तो मैं उम्मीद करता हूं कि लोगों को पसंद आएगी।

जब राइटर ने, डायरेक्टर ने बहुत ज़्यादा डिटेल में काम कर रखा हो तो बतौर एक्टर आपका काम आसान हो जाता है। हम जैसे लोग या कलाकारों का फ़र्ज़ बनता है कि हम लोग सलाह दें। अगर वो सलाह पसंद आती है तो ठीक है। नहीं आती है तो उनका काउंटर क्या होता है। इस फ़िल्म के राइटर्स और डायरेक्टर्स इतने तैयार थे कि उनके जो काउंटर सजेशंस आते थे, वो इतने अच्छे होते थे कि आपको लगता था कि इन्होंने तो पूरी बैक स्टोरी को अपने दिमाग़ में बसा रखा है।

बाक़ी यह एक और फ़िल्म है, उसमें एक किरदार किया है। पहले भी कई किरदार किये हैं। अपनी तरफ़ से कोशिश की है कि कुछ अलग तरीक़े से इस किरदार को पेश किया जाए। जैसा कि मैंने पहले कहा, सबसे अहम चीज़ कहानी होती है और वो कहानी अगर ऑडिएंस को जोड़ लेती है तो पूरी टीम के लिए सबसे बड़ी सफलता होती है।

ट्रेलर में एक संवाद आता है, मुहम्मद बिन तुगलक... इसका कहानी से किस प्रकार संबंध है

यह एक पिता और बेटे की रिलेशनशिप को दिखाता है। ड्राइव करते हुए उनकी बातचीत होती है। उस बातचीत का हिस्सा ट्रेलर में डाला गया है। एक लड़का जो यंग है, अभी स्कूल में है। उसकी सोच कैसी है। यह पुलिस वाला (जिम्मी का किरदार), जिसने काफ़ी ज़िंदगी देखी है। काफ़ी केस देखे हैं। उसकी रिलेशनशिप उसके बेटे के साथ कैसी है और उसका नज़रिया चीज़ों को लेकर क्या है

मेरा बेटा कहता है कि वो इंडिया का राज़ा था, तो मेरा किरदार कहता है कि रिएलिटी यह है कि वो सिर्फ़ दिल्ली का सुल्तान था। बाप और बेटे की सोच में एक अंतर दिखाया गया है। फ़िल्म का संदेश है कि पास्ट कैन कम बैक टू हॉन्ट यू एनी टाइम (अतीत कभी पीछा नहीं छोड़ता)।

आपने माचिस से डेब्यू किया था, जो आतंकवाद के ख़िलाफ़ संदेश देती है। अब कॉलर बॉम्ब की कहानी भी आतंकवाद के विषय पर आधारित दिखती है। सिनेमा में विषय ज़्यादा नहीं बदले हैंअगर हम कहानी का बात करें तो इससे कहीं आगे जाकर बहुत गहरी बात कहती है। समझ लीजिए, मैं एक हिंट ही दे रहा हूं आपको। बस यही ब्यूटी इस फ़िल्म की है कि यह वो नहीं है, जो आप समझ रहे हैं। यह किसी और चीज़ के साथ डील करती है और वो चीज़ एक महौल है। वही एक चीज़ है, जो इस कहानी को दिलचस्प बनाती है। वही एक चीज़ है जो मुझे इस कहानी में अलग लगी थी।

आपने इतने किरदार निभाये हैं। किसी किरदार या कहानी को चुनते वक़्त आपकी क्या एप्रोच रहती है

आप अलग-अलग किरदार निभाते हैं। आप कोशिश यही करते हैं कि कितना नज़दीक आप उस किरदार के जा सकें, जो आपके लिए लिखा गया है। उतना ही आप उसे एंजॉय करेंगे और उतना ही दर्शक उसे एंजॉय करेंगे।

## जान्हवी कपूर ने शेयर किया लेटेस्ट तस्वीरें, दिखा ग्लैमरस लुक



**नई दिल्ली वार्ता।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपनी शानदार एक्टिंग और लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटोज वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। जो इंटरनेट पर वायरल होते रहते हैं। अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर किया की हैं, जिसमें वो बेहद खूबसूरत दिख रही हैं।

इन तस्वीरों में अभिनेत्री जान्हवी कपूर स्पोर्ट्स ब्रा और ब्हाइट कलर की डेनिम की जैकेट में पोज देती हुई दिख रही हैं। फोटोज में उनके खुले बाल उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं, फोटोज को इंस्टाग्राम पर अब तक साढ़े चार लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। साथ ही कई बॉलीवुड कलाकार कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

वहीं उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया हैं, जिसमें वो एक्सरसाइज करती दिख रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर पेट के ऊपर अपने डॉगी के बैठाकर एक्सरसाइज कर रही हैं। वीडियो में उनकी छोटी बहन खुशी कपूर भी मिरर के सामने पोज देते हुए सेल्फी लेती नजर आ रही हैं।बात अगर जान्हवी कपूर के वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही सिद्धार्थ सेन गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म गुड लक जेरी में नजर आने वाली हैं। ये एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, फिल्म को आनंद एल राय प्रोड्यूस किया है। इसके अलावा वो करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 में भी नजर आने वाली हैं। ये फिल्म साल 2008 में आई अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम की फिल्म दोस्ताना का सीक्वल है।वहीं उन्हें आखिरी बार फिल्म %रूही% में देखा गया है, इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसी लड़की का किरदार निभा है, जिसपर एक दुष्ट आत्मा का साया होता है।

## तूफान के सॉन्ग 'तोडून टाक' से मेकर्स ने फाइटर्स को दिया ट्रिब्यूट, देखें वीडियो

**नई दिल्ली वार्ता।** फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तूफान का लेकक काफी चर्चा में हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म से जुड़े अपडेट फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। अब उनकी आने वाली फिल्म तूफान का पहला सॉन्ग 'तोडून टाक' का एक और वीडियो शेयर किया है, जिसमें देश भर के बॉक्सिंग चैंपियन नजर आ रहे हैं।इस चार मिनट के वीडियो की शुरुआत में अभिनेता फरहान अख्तर कहते है, हमारा सलाम उन फाइटर्स को, जिन्हें झुकाना ना मुमकिन है, जो अपने अंदर के तूफान से सभी को हिम्मत देते हैं। अब उठेगा, तूफान उठेगा। वीडियो में देश के लिए मैडल जीतने वाले असली मुक्केबाजों की क्लिप को शामिल किया गया है। वीडियो में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत र कांस्य पदक विजेता लैशराम सरिता देवी, सोनिया चहल, कविता चहल, दो बार की युवा विश्व चैंपियन नीतू घनघास और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता तुलसी हेलेन के साथ तीन बार की डब्ल्यूबीसी एशिया टाइटल होल्डर नीरज गोयत और स्टेट चैपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट अमन झांगड़ा, ऑल इंडिया फेडरेशन कप मेडलिस्ट गगन शर्मा।




साथ ही वीडियो में नेशनल बॉक्सिंग चैंपियन गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अरबिंद कुमार प्रसाद और बिनोद कुमार प्रसाद और ईस्ट जोन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के स्वर्ण और रजत पदक विजेता स्वयं मलिक और बिनीत गुरूंग नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो को देश फेमस बॉक्सिंग क्लब और् एकेडमी में फिल्माया गया है। इस रैप सॉन्ग को डब शर्मा ने कंपोज किया है और इसे डी एविल ने गाया है। तोडून टाक फाइटर्स को एक ट्रिब्यूट है, जो विनाशा और आसन्न हार के बावजूद भी लड़ाई जारी रखते हैं और रिंग के अंदर लड़ते है ताकि वो इसके बाहर बेहतर जिंदगी जी सकें। वीडियो को उद्देश्य उन फाइटर्स को गौरवान्वित करना है, जो लगभग नॉकआउट हो गए थे। लेकिन फिर भी अपने पैरों पर खड़े रहे और अपना मुकाम हासिल किया।

आपको बता दें कि ओमप्रकाश मेहरा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में फरहान अख्तर मृणाल ठाकुर, परेश रावल, सुप्रिया पाठक कपूर, हुसैन दलाल, डॉ मोहन अगाशे, दर्शन कुमार और विजय राज अहम किरदार निभा रहे हैं। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट और आरओएसपी पिक्चर्स द्वारा किया जा रहा है। फिल्म तूफान को जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। साथ ही बता दें कि तूफान पहली ऐसी फिल्म है, जिसका हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ 240 देशों और क्षेत्रों में प्रीमियर होगा।

## कार्तिक की फिल्म सत्यनारायण की कथा का बदलेगा टाइटिल

**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म सत्यनारायण की कथा का टाइटिल धार्मिक संगठनों द्वारा जताएं गए विरोध के बाद बदलने का निर्णय लिया गया है।

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म सत्यनारायण की कथा का वीडियो टीजर पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोडयूस करने वाले हैं, जबकि इसे समीर विद्वांस निर्देशित करेंगे।

सत्यनारायण की कथा एक एपिक लव स्टोरी है, जिसमें कार्तिक लीड रोल प्ले कर रहे हैं। फिल्म सत्यनारायण की कथा का टाइटिल धार्मिक संगठनों द्वारा जताएं गए विरोध के बाद बदलने का निर्णय लिया गया है।इसकी जानकारी फिल्म के निर्देशक समीर विद्वास ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 'एक फिल्म का टाइटल कुछ ऐसा है जो रचनात्मक प्रक्रिया के माध्यम से व्यवस्थित रूप से उभरता है। हमनें भावनाओं को आहत करने से बचने के लिए हाल ही में घोषित अपनी फिल्म 'सत्यनारायण की कथा'के टाइटल को बदलने का फैसला किया है। फिल्म के निर्माता और क्रिएटिव टीम भी इस फैसले के पूरे समर्थन में है। हम अपनी यात्रा के दौरान अपनी प्रेम कहानी के लिए एक नए टाइटल की जल्द घोषणा करेंगे।

## अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा का लेटेस्ट फोटोशूट चर्चा में, सीढ़ियों पर दिए कातिलाना पोज

**नई दिल्ली वार्ता।** बॉलीवुड महानाक अमिताभ बच्चन की तरह ही उनकी नातिन नवेली नंदा भी हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं। नव्या ने भले ही अभी फिल्म इंडस्टी में कदम नहीं रखा है लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग किसी स्टार से कम नहीं है। नव्या ने एक्टिंग छोड़ बिजनेस सेक्टर को चुना। उन्होंने महज छोटी सी उम्र में ही बिजनेस करने जैसा बड़ा फैसला लिया लिाय है। इन सबके बावजूद वह लाइम लाइट में बनीं रहती हैं। नव्या अक्सर अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। इसी बीच नव्या की कुछ लेटेस्ट तसवीरें सुर्खियों में बनी है। यहां देखें तस्वीरें...



नव्या नवेली नंदा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। नव्या की ये तस्वीरें उनके दफ्तर में ली गई हैं। तस्वीरें देखकर इस बात का अंदाजा अच्छे से लगाया जा सकता है कि नव्या का वर्क प्लेस कितना आलीशान है। वहीं लेटेस्ट फोटोशूट में आप देख सकते हैं नव्या व्हाइट कलर की टीशर्ट के साथ बादामी करल के प्लाजों में दफ्तर की सीढ़ियों पर फोटोशूट करा रही हैं। वहीं इस दौरान उनका घुमावदार सीढ़ियों पर पोज देने आंदाज काफी शानदार है। तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा- दफ्तर में एक दिन।

नव्या की तस्वीरों पर सेलेब्स ने किया कॉमेंट

नव्या नवेली नंदा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी पंसद की जा रही हैं। इन तस्वीरों में नव्यार का लुक देखकर उनके फैंस तरीफ करते नहीं थक रहे हैं। फोटोज पर न? सिर्फ फैंस बल्कि स्टार्स भी कमेंट कर नव्या के लुक की तारीफ कर रहे हैं। नव्या की फोटो पर सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के कॉमेंट बॉक्स में एक्साइटेड होने वाला इमोजी बनाया है और कॉमेंट किया है। वहीं महीप कपूर ने हार्ट इमोजी बनाकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इन फोटोज पर अबतक हजारों फैंस लाइक कर चुके हैं।

## आनंदी गांव की लाडली के लिये रोमांचित है ऋतु श्री



**मुंबई, वार्ता।** छोटे पर्दे की जानीमानी अभिनेत्री ऋतु श्री अपने आने वाले सीरियल आनंदी गांव की लाडली के लिये बेहद रोमांचित है।डीडी किसान चैनल पर आज से प्रसारित होने जा रहे सीरियल आनंदी गांव की लाडली% की कहानी बिहार के समस्तीपुर के गांव रोहुआ वारिसनगर की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिसकी नायिका ऋतु श्री की कहानी भी छोटे शहर से महानगरी मुंबई पहुंचने और फिर अपने मेहनत के बलबूते फ़िल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने की है। 52 एपिसोड वाला यह सीरियल आज से सोमवार से शुक्रवार को रात 8 बजे प्रसारित होगा।झारखंड के छोटे से शहर रामगढ़ की रहने वाली ऋतु श्री ने फैशन डिजाइनर का कोर्स जयपुर से किया और वहां से इंटर्नशिप करने के लिए उनकी किस्मत ने उन्हें मुम्बई बालाजी टेलीफिल्म तक पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप के दौरान ही उन्हें बालाजी टेलीफिल्म के सीरियल %चंद्रकांता% में काम करने का मौका मिल गया और उसके साथ ही फिल्म और सीरियल से उनका नाता जुड़ गया।ऋतु श्री अपने इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद रोमांचित है। ऋतु श्री ने कहा, यह सीरियल मेरी लाइफ के बेहद करीब है।

सीरियल चंद्रकांता में किये गए मेरे काम को लोगो ने नोटिस किया और इसके बाद मुझे सीरियल कुंडली भाग्य, सीआईडी के अलावा बड़े बजट की फ़िल्म कुली नम्बर-1 और फौजी कॉलिंग फ़िल्म में काम करने का मौका मिला। इसके बाद तो किस्मत चल निकली। इस समय मेरी कई सीरियल ऑन एयर होने वाली है, जिनमे डीडी किसान पर आज से %आनंदी गांव की लाडली का प्रसारण होने जा रहा है। यह सीरियल बिहार के एक गांव की आनंदी के बारे में है जो अपने संघर्ष से गांव की अन्य औरतों की किस्मत बदल देती है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है।ऋतु श्री ने बताया कि 52 एपिसोड वाले इस सीरियल के अलावा वह कुछ और प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके अलावा कुछ फिल्मों के लिए भी बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि यदि परिवार का साथ मिले तो लड़कियां भी लड़को से कम नही है।

## उम्र के 50 बसंत देखने के बाद राजपाल यादव ने अब बदला अपना नाम, बताई ये वजह...



**नई दिल्ली वार्ता।** बॉलिवुड के प्रतिभाशाली ऐक्टर्स में से एक राजपाल यादव 22 साल के फिल्मी करियर के अब अपना नाम बदले का फैसला किया है। हालांकि राजपाल यादव ने अपने नाम को बदलने के पीछे कुछ वजहें भी बताई हैं। राजपाल यादव ने नए नाम में अपने पिता का नाम भी शामिल किया है। राजपाल यादव अब राजपाल नौरंग यादव के नाम से जाने जाएंगे। आखिर ऐसा क्या हुआ कि उम्र के 50वें पड़ाव पर आकर एक्टर को नाम बदले की जरूरत महसूस हुई।

इसपर राजपाल ने कहा, इसकी कोई खास वजह नहीं। मेरे पिता का नाम हमेशा से मेरे पासपोर्ट पर रहा है, बस इसीलिए। अब यह स्क्रीन पर भी नजर आएगा। अपूर्वा व्यास फिल्म और एक वेब सीरीज़ ऑफर की और मुझे लगा कोविड से पहले मैं केवल राजपाल यादव था और अब पूरी दुनिया एक छोटे गांव मे तब्दील हो गई तो जरा मैं भी अपना पूरा नाम यूज़ कर लूं।

उन्होंने आगे बताया कि उनकी ये बातें आनेवाली फिल्म फादर ऑन सेल से मिलती-जुलती हैं, जिसमें वह खुद नजर आनेवाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी ने मेरे पिता का नाम इतने समय में इतना नहीं लिया होगा जितना पिछले कुछ दिनों में।

इंटरव्यू में राजपाल यादव ने कहा था, जब आपको दुनिया भर के ऑडियंस से तारीफें मिलती हैं तो ऐसे में अपने टेस्ट को बदलना काफी मुश्किल होता है। और मेरे साथ यह मामला तब से रहा है जब से मैं इलोक्यूश कॉम्पिटिशन, नाटक और फिल्मों में काम करना शुरू किया। इसमें कोई ऐसी बंदिश नहीं होती थी कि यह बच्चों के लिए है या फिर बड़ों के लिए। सच कहूं तो मैं किसी भी हाल में अपने मुंह से गंदी गालियां निकालने में कम्फर्टेबल नहीं हूं।

बता दें कि राजपाल यादव फिल्म जंगल से अपने आपको बॉलीवुड में स्थापित किया था। हालांकि एक्टर ने अबतक खुद को वेब सीरीज से दूर रखा है। राजपाल जल्द ही हंगामा 2 में नजर आने वाले हैं।

# सेंसेक्स 395 अंक चढ़ा




**मुंबई वार्ता।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 395.33 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 52,880 अंक पर पहुँच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.15 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,834.35 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 25 जून के बाद का उच्चतम स्तर है।

कोविड-19 महामारी के टीकाकरण में तेजी और कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणाम की उम्मीद से बाजार में शुरू से ही तेजी रही। धातु, बैंकिंग, वित्त, ऊर्जा जैसे समूहों की कंपनियों में लिवाली से बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। विदेशी निवेशकों ने भी शेयर बाजार में पैसा लगाया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। बीएसई में छोटी कंपनियों का सूचकांक स्मॉलकैप 0.78 प्रतिशत उछलकर 25,765.73 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। मझौली कंपनियों का सूचकांक मिडकैप भी 0.35 फीसदी की बढ़त के साथ 22,505.82 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में तेजी और शेष सात में गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.92 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.84 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 1.47 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व में 1.38 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 1.27 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 1.23 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.18 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 1.15 प्रतिशत, एनटीपीसी में 1.11 प्रतिशत और इंडसइंड बैंक में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी 0.97 फीसदी मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.34 प्रतिशत की गिरावट रही।

विदेशों में मिलाजुला रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.44 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ जबकि जापान का निक्केई 0.64 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 प्रतिशत टूट गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.27 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.19 फीसदी की गिरावट में रहा।

सेंसेक्स 198.22 अंक की तेजी में 52,484.67 अंक पर खुला और पूरे दिन अच्छी बढ़त में रहा। इसका दिवस का निचला स्तर 52,604.35 अंक दर्ज किया गया। कारोबार की समाप्ति से पहले एक समय यह 52,919.17 अंक चढ़ गया था। अंत में गत दिवस की तुलना में 0.75 फीसदी ऊपर 52,880 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 3,506 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 2,224 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ और 1,112 के शेयर गिरावट में बंद हुये जबकि शेष 170 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे।

निफ्टी की शुरुआत 71.20 अंक की तेजी में 15,793.40 अंक पर हुई। यह ऊपर 15,845.95 अंक तक और नीचे 15,762.05 अंक तक गया। अंत में गत दिवस की तुलना में 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,834.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 से 36 कंपनियों के शेयरों में तेजी और शेष 14 में गिरावट रही।

## रुपया 43 पैसे मजबूत

**मुंबई वार्ता।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज रुपया 43 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 74.31 रुपये का बिका।

भारतीय मुद्रा पिछले चार कारोबारी दिवस में 55 पैसे टूटने के बाद मजबूत हुआ है। पिछले कारोबारी दिवस यह 19 पैसे की गिरावट के साथ 74.74 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी।

रुपये में आज शुरू से तेजी रही। यह 23 पैसे चढ़कर 74.51 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। जबरदस्त उछाल के साथ एक समय यह 74 रुपये प्रति डॉलर तक पहुँच गया था। हालाँकि उस स्तर पर टिक नहीं सका और कारोबार की समाप्ति पर 74.31 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये का दिवस का निचला स्तर 74.55 रुपये प्रति डॉलर रहा।

कारोबारियों ने बताया कि शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की लिवाली से बैंकों की ओर से डॉलर की बिक्री बढ़ी जिससे रुपया मजबूत हुआ।

## खाद्य तेलों में नरमी, गुड़ मजबूत



**नयी दिल्ली वार्ता।** विदेशों में खाद्य तेलों में मजबूती के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार सोमवार को इनके भाव टूट गये। गुड़ मजबूत हुआ जबकि दालों, अनाजों और चीनी में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा 66 रिंगिट चढ़कर 3,855 रिंगिट प्रति टन पर पहुँच गया। दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.03 सेंट की बढ़त में 62.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

स्थानीय बाजार में आवक बढ़ने से पाम ऑयल 294 रुपये, मूँगफली तेल 293 रुपये, सूरजमुखी तेल 292 रुपये और सरसों तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल और वनस्पति के भावों में कोई बदलाव नहीं हुआ।गुड़-चीनी = मीठे के बाजार में आवक और उठाव में संतुलन रहने से चीनी के दाम गत दिवस के स्तर पर ही पड़े रहे। बाजार में आपूर्ति कम रहने से गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल महँगा हो गया।

दाल-दलहन = मूँग दाल, उड़द दाल, चना दाल, मसूर दाल और अरहर दाल के भावों में कोई बदलाव नहीं हुआ। चना भी गत दिवस के स्तर पर पड़ा रहा।

अनाज = गेहूँ और चावल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे।सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे =-

दाल-दलहन= चना 4,600-4,700, दाल चना 5,700-5,850, मसूर काली 7,150-7,350, मूँग दाल 8,200-8,500, उड़द दाल 8,800-9,100, अरहर दाल 8,450-8,800 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज = (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 1810-1910 रुपये और चावल = 2300-2400 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ = चीनी एस 3400-3500, चीनी एम. 3460-3560, मिल डिलीवरी 3240-3340 और गुड़ 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।खाद्य तेल = सरसों तेल 16,044 रुपये, मूँगफली तेल 18,608 रुपये, सूरजमुखी तेल 19,121 रुपये, सोया रिफाइंड 14,945 रुपये, पाम ऑयल 11,135 रुपये और वनस्पति तेल 13,040 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 609 अरब डॉलर पर

**मुंबई वार्ता।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जून को समाप्त सप्ताह में 5.07 अरब डॉलर बढ़कर 609 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। इससे पहले 18 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 4.15 अरब डॉलर घटकर 603.93 अरब डॉलर रह गया था।रिजर्व बैंक (आरबीआई) से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा

परिसंपत्ति 25 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 566.24 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार भी 36.5 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 36.30 अरब डॉलर का हो गया।समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर बढ़कर 4.97 अरब डॉलर पर रही। विशेष आहरण अधिकार 1.50 अरब डॉलर पर स्थिर रहा।

## सोने में मामूली तेजी, चाँदी लुढ़की

**मुंबई वार्ता।** विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बीच घरेलू स्तर पर सोमवार को सोने की चमक बढ़ गई जबकि चाँदी में गिरावट रही।

एमसीएक्स वायदा बाजार में सोना 25 रुपये यानी 0.05 प्रतिशत चमककर 47,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। सोना मिनी भी 30 रुपये की बढ़त के साथ 47,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया।

चाँदी 92 रुपये यानी 0.13 प्रतिशत फिसलकर 70,096 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चाँदी मिनी भी 46 रुपये कमजोर हुई और 70,183 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर आज 4.15 डॉलर की मजबूती के साथ 1,791.65 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा भी 8.5 डॉलर चमककर 1,791.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 0.04 डॉलर की बढ़त के साथ 26.49 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## पॉलिसीधारक हुए मालामाल, कंपनी ने दिया बंपर बोनस

**नयी दिल्ली वार्ता।** निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंसने अपने पॉलिसीधारकों को 2020-21 के लिए 306.88 करोड़ रुपये का बोनस देने की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इससे कंपनी के 6,85,000 भागीदार पॉलिसीधारकों को लाभ होगा। कंपनी ने कहा कि 31 मार्च, 2021 तक सभी भागीदार पॉलिसियों में घोषित बोनस का भुगतान कर दिया गया है।कंपनी ने कहा कि प्रत्यावर्ती बोनस वाली पॉलिसियों के मामले में इससे मृत्यु और परिपक्वता पर गारंटी वाला फायदा बढ़ जाएगा। रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस रिलायंस कैपिटल और जापान की निप्पन लाइफ इंश्योरेंस का संयुक्त उद्यम है।31 मार्च, 2021 तक कंपनी के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 24,383 करोड़ रुपये और कुल बीमित राशि 78,847 करोड़ रुपये थी। दावा निपटान अनुपात 98.48 प्रतिशत था।निजी जीवन बीमा कंपनी रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस की नये कारोबार से




कुल प्रीमियम आय 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में 12.8 प्रतिशत बढ़कर 1,135 करोड़ रुपये रही। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 में कंपनी की नये कारोबार से प्रीमियम आय 1,006 करोड़ रुपये थी।वित्त वर्ष 2020-21 में कंपनी का शुद्ध लाभ 43.41 प्रतिशत बढ़कर 50.28 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2019-20 में कंपनी को 35 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कुल प्रीमियम आय 6.7 प्रतिशत बढ़कर 4,736 करोड़ रुपये रही।बीमा कंपनी के कार्यकारी निदेशक और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा, ''वित्त वर्ष 2020-21 में हमारा, दवा निपटान अनुपात सुधरकर 98.48 प्रतिशत रहा जो उद्योग में बेहतर है।''

### जुलाई में बंपर कमाई का मौका, जोमैटो समेत 11 कंपनियां ला रही हैं आईपीओ

**नयी दिल्ली वार्ता।** कोरोना महामारी के बीच भारतीय शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रहा है। इसका बंपर फायदा आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली 21 कंपनियों को हुआ है। इन कंपनियों ने बाजार से 24,417 करोड़ रुपये जुटाए हैं और बीते 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। प्राइमरी मार्केट ट्रैकर प्राइम डेटाबेस के आंकड़ों के मुताबिक, निवेशकों और प्रमोटरों ने आईपीओ के जरिए जुटाई गई कुल रकम में से ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) के जरिए करीब 62.5त्न या 17,140 करोड़ जुटाए हैं। वहीं, 10,278 करोड़, या 37.5त्न, कंपनियों द्वारा नई पूंजी जुटाई गई है।बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि इस महीने निवेशकों को आईपीओ से कमाई करने का अच्छा मौका मिलना वाला है। कई कंपनियां अपने क्षेत्र की बाजार लीडर है।

## सेवा क्षेत्र में 11 महीने की सबसे तेज गिरावट

**मुंबई वार्ता।** कोविड-19 महामारी के कारण लगाये गये प्रतिबंधों की वजह से जून में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में भारी गिरावट दर्ज की गई।

आईएचएस मार्किट द्वारा सोमवार को जारी सेवा कारोबार गतिविधि सूचकांक 41.2 पर आ गया। सूचकांक का 50 से नीचे रहना संकुचन और इससे ऊपर रहना वृद्धि दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का द्योतक है। मई में भी सेवा क्षेत्र में गिरावट रही थी और सूचकांक 46.4 दर्ज किया गया था। महामारी की दूसरी लहर के कारण लगातार दूसरे महीने सेवा क्षेत्र गिरावट में रहा।

आईएचएस मार्किट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कमजोर माँग के कारण सेवा क्षेत्र की कंपनियों को मिलने वाले नये कारोबार में गिरावट आई है। यह तेज और पिछले साल जुलाई के बाद की सबसे बड़ी गिरावट थी। कंपनियों



ने बताया कि कोविड-19 महामारी और कड़े प्रतिबंधों के कारण सेवा क्षेत्र में माँग प्रभावित हुई।

सेवा अर्थव्यवस्था के पाँच में से चार उपक्षेत्र कारोबारी गतिविधियों और नये ऑर्डरों में संकुचन दर्ज किया गया है। उपभोक्ता सेवा उपक्षेत्र में सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई। परिवहन एवं भंडारण को छोड़कर अन्य सभी उपक्षेत्र गिरावट में रहे।

इससे पहले 01 जुलाई को विनिर्माण क्षेत्र के आँकड़े जारी किये गये थे। इसका सूचकांक भी जून में 48.1 दर्ज किया गया। यह 11 महीने में इस क्षेत्र की पहली गिरावट है।

सेवा क्षेत्र की सर्वे रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये आईएचएस मार्किट की इकोनॉमिक एसोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने कहा भारत में कोविड-19 महामारी की मौजूदा स्थिति को देखते हुये सेवा क्षेत्र पर इसका प्रभाव अपेक्षित था। जून के आँकड़ों से नये कारोबार, आउटपुट और रोजगार में तेज गिरावट के प्रमाण मिलते हैं हालाँकि यह पहले लॉकडाउन के समय आई गिरावट जितनी नहीं है।सुश्री लीमा ने कहा कि महामारी को लेकर बनी अनिश्चितता से सेवा क्षेत्र की कंपनियों के बीच कारोबारी विश्वास प्रभावित हुआ जो कि एक साल पहले आम तौर पर निरपेक्ष था। जून में ओवरऑल धारणा 10 महीने के निचले स्तर पर आ गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नये ऑर्डरों में कमी के कारण कंपनियों ने जून में छँटनी जारी रखी। छँटनी की रफ्तार इस सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई।विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का संयुक्त सूचकांक मई के 48.1 से घटकर जून में 43.1 पर आ गया जो 11 महीने की सबसे बड़ी गिरावट है। संयुक्त स्तर भी नये ऑर्डरों में लगातार दूसरे महीने

## पेट्रोल दिल्ली में 99.86 रुपये प्रति लीटर पर

**नयी दिल्ली वार्ता।** तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल के दाम बढ़ाये जिससे दिल्ली और कोलकाता में इसके दाम सौ रुपये प्रति लीटर के बेहद करीब पहुँच गये। मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल पहले ही इस स्तर के पार निकल चुका है। वहीं, डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल 39 पैसे तक महँगा हुआ। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 35 पैसे बढ़कर 99.86 रुपये प्रति लीटर के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। डीजल 89.36 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा।पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का मौजूदा सिलसिला 04 मई को शुरू हुआ था। दिल्ली में मई और जून में पेट्रोल 8.41 रुपये और डीजल 8.45 रुपये महँगा हुआ था। जुलाई में पेट्रोल की कीमत 1.05 रुपये और डीजल की 18 पैसे प्रति लीटर बढ़ चुकी है।मुंबई में पेट्रोल 34 पैसे महँगा होकर 105.92 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया। डीजल 96.91 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा।चेन्नई में पेट्रोल 31 पैसे महँगा होकर 100.75 रुपये प्रति लीटर के भाव बिका। डीजल बिना किसी बदलाव के 93.91 रुपये प्रति लीटर पर रहा।कोलकाता में पेट्रोल 39 पैसे महँगा होकर 99.84 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया। वहाँ, एक लीटर डीजल की कीमत 92.27 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

## इंडिगो ने दरभंगा से सेवा शुरू की

**नयी दिल्ली वार्ता।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने दरभंगा को अपने नेटवर्क में शामिल करते हुये आज वहाँ से कोलकाता और हैदराबाद के लिए उड़ान की शुरुआत की।

इंडिगो के मुख्य रणनीतिक एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि बिहार के दरभंगा जैसी सांस्कृतिक भूमि में अपने क्षेत्रीय नेटवर्क का विस्तार करने की हमें खुशी है। दरभंगा से कोलकाता की इन नयी उड़ानों से बिहार, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के बीच संपर्क साधन बढ़ेंगे और व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा।

दरभंगा हवाई अड्डे से विमान सेवा पिछले साल नवंबर में शुरू हुई थी। फिलहाल स्पाइसजेट वहाँ से उड़ानों का परिचालन कर रही थी। इंडिगो दरभंगा हवाई अड्डे से सेवा देने वाली दूसरी एयरलाइन हो गई है।

## बीते वित्त वर्ष में देश का कोयला उत्पादन दो प्रतिशत घटकर 71.6 करोड़ टन पर

**नयी दिल्ली वार्ता।** देश का कोयला उत्पादन बीते वित्त वर्ष 2020-21 में 2.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 71.60 करोड़ टन रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2019-20 में कोयला उत्पादन 73.08 करोड़ टन रहा था। कोयला मंत्रालय के 2020-21 के अस्थायी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार बीते वित्त वर्ष में 71.60 करोड़ टन के कुल उत्पादन में नॉन-कोकिंग कोयले का हिस्सा 67.12 करोड़ टन और कोकिंग कोयले का 4.47 करोड़ टन रहा। देश के कुल कोयला उत्पादन में 68.59 करोड़ टन का उत्पादन सार्वजनिक क्षेत्र ने और शेष 3.01 करोड़ टन का उत्पादन निजी क्षेत्र ने किया।

बीते वित्त वर्ष 2020-21 में छत्तीसगढ़ ने सबसे अधिक 15.84 करोड़ टन का कोयला उत्पादन दर्ज किया। ओडिशा 15.41 करोड़ टन के उत्पादन के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद मध्य प्रदेश 13.25 करोड़ टन और झारखंड 11.92 करोड़ टन का स्थान रहा। बीते वित्त वर्ष में झारखंड 4.43 करोड़ टन के साथ सबसे बड़ा कोकिंग कोयला उत्पादक रहा। कुल कोकिंग कोयले के 4.47 करोड़ टन के उत्पादन में झारखंड का हिस्सा 99.11 प्रतिशत रहा।

## चीन समेत इन देशों पर भारत ने की मेहरबानी, इस शुल्क से दी छूट

**नयी दिल्ली वार्ता।** सरकार ने बिजली उद्योग में इस्तेमाल होने वाले चीन, थाइलैंड, दक्षिण कोरिया और तीन अन्य देशों के तांबे के कुछ उत्पादों के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय की शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अप्रैल में जांच के बाद चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड के तांबे के कुछ उत्पादों पर शुल्क लगाने की सिफारिश की थी।

राजस्व विभाग के दो जुलाई के ज्ञापन के अनुसार, ''केंद्र सरकार ने चीन, कोरिया, मलेशिया, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड में विनिर्मित या वहां से निर्यात किए गए तांबे और तांबा मिली धातु के फ्लैट-रोल्ड उत्पादों के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है।''डीजीटीआर द्वारा प्रस्तावित शुल्क 42 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से 1,077 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के बीच था। कॉपर फ्लैट-रोल्ड उत्पादों का उपयोग बिजली वितरण, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक स्विचगियर, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और रेडिएटर्स में किया जाता है।

## कोविड के बावजूद पिछले वित्त वर्ष में अमूल का कारोबार 2 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली वार्ता।** अमूल ब्रांड दूध और उससे बने उत्पादों का कारोबार करने वाली सहकारी कंपनी जीसीएमएमएफ का वित्त 2020-21 में कारोबार कोविड-19 के प्रकोप के बावजूद कोविड-19 दो प्रतिशत बढ़कर 39,200 रुपये रहा। कंपनी के प्रबंध निदेशक आरएस सोढ़ी ने रविवार को यह जानकारी दी। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 38,550 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया था।

सोढ़ी ने कहा कि बीते वित्त वर्ष के दौरान बिक्री में वृद्धि की रफ्तार थोड़ी धीमी रही लेकिन चालू वित्त वर्ष में इसमें तेजी वापस आने की उम्मीद है।सोढ़ी ने कहा, हमने पिछले वित्त वर्ष के दौरान दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 39,200 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस दौरान ताजा दूध, चीज, दही, छाछ और पनीर जैसे उत्पादों की श्रेणी में बिक्री 8.5-9 प्रतिशत बढ़ी थी।

# राशन कार्ड को लेकर दिशा निर्देश जारी होगा



**नयी दिल्ली वार्ता।** सरकार उपयुक्त लोगों को राशन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने के लेकर इसी माह एक माडल दिशा निर्देश जारी करेगी ताकि इस इस कार्ड का अपात्र लोग लाभ नहीं ले सकें ।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सचिव सुधांशु पांडे ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किन लोगों को राशन कार्ड की सुविधा दी जानी चाहिये उसको लेकर पिछले आठ माह से माडल दिशा निर्देश जारी करने को लेकर प्रयास किये जा रहे थे । राज्यों के लिए इस दिशा निर्देशों को इसी माह जारी किया जायेगा ।

श्री पांडे ने कहा कि कुछ राज्यों ने बहुत ही आगे बढकर राशन कार्ड के दुरुपयोग को रोकने को लेकर कई कदम उठाये हैं और जो लोग इस सुविधा से वंचित किये गये हैं उनके स्थान पर योग्य लोगों को इसका लाभ दिया गया है । हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में तो इस सुविधा का लाभ लेने वाले लोगों से वसूली प्रक्रिया शुरु कर दिया है और बड़ी राशि वसूली भी गयी है । कनार्टक ने 85 हजार राशन कार्ड को आधार से जोड़ा है । उन्होंने कहा कि फर्जी राशन कार्ड की छंटाई की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है ।श्री पांडे ने इस बार सरकारी स्तर पर रिकार्ड मात्रा में अनाजों की खरीद का ब्यौरा देते हुए कहा कि रबी सीजन के दौरान 433.24 लाख टन गेहूं की खरीद की गयी है जबकि पिछले साल 389 लाख टन से अधिक गेहूं की खरीद की गयी थी । पंजाब , उत्तर प्रदेश , हरियाणा , राजस्थान , उत्तराखंड , गुजरात , हिमाचल प्रदेश आदि में रिकार्ड मात्रा में गेहूं की खरीद की गयी है । इस बार 49.16 लाख किसानों को गेहूं की खरीद के एवज में 84369.19 करोड़ रुपये हस्तान्तरित किये गये हैं ।

उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान 127 लाख से अधिक किसानों से 862 लाख टन धान की खरीद की गयी है । पिछले साल 124 लाख किसानों से 770.93 लाख टन धान की खरीद की गयी थी । पंजाब , हरियाणा , बिहार , झारखंड , तेलंगना , गुजरात आदि राज्यों से धान की खरीद की गयी ।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण गरीबों को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पिछले साल शुरु की गयी है और इस वर्ष मई से नवम्बर तक इसका विस्तार किया गया है । इसके तहत करीब 80 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जा रहा है । इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसके लिए प्रचार प्रसार और जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है । योजना की लगातार निगरानी की जा रही है और अनाज उठाव में कोई समस्या नहीं है ।

भारतीय खाद्य निगम के एक अधिकारी ने बताया कि भंडारण सुविधा के अभाव में 17 लाख टन अनाजों को अवैज्ञानिक तरीके से रखा गया है जिसका उठाव इसी माह कर लिया जायेगा ।

## दालों के मूल्य में कमी का सरकार का दावा

**नयी दिल्ली वार्ता।** पांच जुलाई (वार्ता) खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सचिव सुधाशु पांडे ने आज दावा किया कि सरकार के मूल्य नियंत्रण के लिए किये गये प्रयासों के कारण देश में दाल के थोक और खुदरा मूल्यों में कमी आ रही है ।श्री पांडे ने संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मसूर को छोड़कर अन्य दालों की कीमतों कमी आ रही है। सहकारी क्षेत्र की दुकानों में मूल्य में काफी कमी आयी है। नेफेड भी अरहर दाल 102 रुपये प्रति किलो उपलब्ध करा रहा है।उन्होंने कहा कि पिछले चार पांच सप्ताह से दालों के थोक और खुदरा मूल्य में बमी आ रही है। मसूर दाल की पैदावार देश में कम होती है इसलिए इसका आयात बढा दिया गया है। मसूर दाल की कीमतों में भी जल्दी नरमी आयेगी ।विदेश से आने वाले दालों को जल्दी बाजार में पहुंचाने को लेकर बंदरगाहों पर नजर रखी जा रही है और विभिन्न स्तरों पर उसकी निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही करीब 200 मंडियों में दाल के मूल्य पर निगरानी रखी जा रही है ।

सरकार ने हाल में दालों के थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा लागू कर दी है। दाल मिलों पर भी भंडारण सीमा को लागू किया गया है ।

# 'चीन को हराने के लिए भारत को साइबर आक्रमण की क्षमता हासिल करनी होगी'



**नयी दिल्ली वार्ता।** चीन और पाकिस्तान से दोहरी सैन्य चुनौती के मुकाबले की रणनीति पर काम कर रहे भारत को सामरिक विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि चीन को सामरिक रूप से मात देने के लिए भारत को साइबर स्पेस में आक्रमण करने की क्षमता जल्द से जल्द हासिल करनी होगी।

जाने माने रणनीतिक चिंतक हर्ष वी. पंत ने पंद्रह देशों में रणनीतिक विषयों पर काम करने वाले संगठन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडी के एक अध्ययन का हवाला देते हुए एक लेख में कहा है कि भारत की सारी साइबर ताक़त पाकिस्तान के ख़िलाफ़ लग रही है। जबकि बगल में मौजूद चीन साइबर डोमेन में घातक हमले कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सामरिक रणनीति का केन्द्र बहुत पहले से पाकिस्तान पर रहा है जिससे हमारे संस्थान भी पाकिस्तान केंद्रित हैं। लेकिन बदलते वक्त में पाकिस्तान और चीन को अलग-अलग देखना ग़लत है। भारत के लिए टू फ्रंट वॉर वाली स्थिति है। कई चीज़ें चीन ख़ुद नहीं करेगा, लेकिन उसकी ओर से पाकिस्तान करेगा। इसलिये भारत के लिए पाकिस्तान को चीन के प्रॉक्सी के रूप में देखना जरूरी हो गया है। हालांकि पिछले साल गलवान की घटना के बाद से माइंडसेट बदल रहा है और हमने देखा है कि कैसे हर क्षेत्र में अब फोकस चीन पर है।

श्री पंत ने अध्ययन में भारत की साइबर युद्ध की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत के पास साइबर वॉर के मामले में तैयारी कम और कमियां ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि चीन और पाकिस्तान, दोनों देश सामान्य देश नहीं हैं। एक तरफ है पाकिस्तान, जहां सेना बेहद ताकतवर है और एक तरह से वही स्टेट है। पाकिस्तान की विदेश नीति में सेना की प्राथमिकताएं हावी हैं। दूसरी तरफ है चीन, जो पारदर्शी नहीं है और हक़ीक़त छिपाने में माहिर है। अमेरिका जैसे देश तक को पता नहीं चल पाता कि वहां क्या चलता है। चीन में भी पिछले कुछ बरसों से सेना का वर्चस्व बढ़ा है।उन्होंने कहा, जब आपके दोनों तरफ दो ऐसे मुल्क हों, जिनमें सेना गैर परंपरागत तौर-तरीके यानी 'ग्रे जोन ऑपरेशन' इस्तेमाल कर रही है. इसे ऐसे समझें कि पाकिस्तानी सेना सीधे भारतीय सेना के सामने नहीं आ सकती इसलिए वह आतंकवाद को प्रायोजित करती है. यही ग्रे जोन ऑपरेशन है। इसी तरह से चीन की सारी कोशिश यही रहती है कि उसकी क्षमताएं छिपी रहीं और गैर परंपरागत तरीके से अपने विरोधी को झुकाए। इसलिए वह हैकर्स का इस्तेमाल करता है, उन्हें पैसे देता है। अगर हैकर्स ने काम कर दिया, तो वह कह देगा कि इसमें उसका कोई हाथ नहीं। लेकिन भारत के पास भी क्षमता किसी से कम नहीं है। चीन वुहान जैविक प्रयोगशाला में जो साजिश हुई, उसका खुलासा भारतीयों ने यहां से बैठे-बैठे कर दिया था।श्री पंत ने कहा कि इसके बावजूद भारत की सैन्य नीति में साइबर युद्ध के बारे में पर्याप्त बातें नहीं हैं। भारत की साइबर क्षमता का कैसे इस्तेमाल करना है, इसकी कोई चर्चा नहीं है। सेना भी उतनी प्रशिक्षित नहीं है। जबकि चीन ने इस मामले में बहुत बढ़त हासिल कर ली है। चीन के द्वारा भारत सहित पश्चिमी देशों पर होने वाले साइबर हमलों को हमने देखा है। उससे तुलना करने पर यह मानना पड़ेगा कि हमारी आक्रमण क्षमता बेहद कम है।

उन्होंने कहा, अगर यह मान रहे हैं कि चीन के साथ सीमा पर जो लड़ाई चल रही है, वही लड़ाई है तो जान लीजिए कि चीन ऐसे कभी नहीं लड़ता। वह दूसरे देश की कमजोरी पर हमला करता है। हमने जब दिखा दिया कि हम भी सीमा पर खड़े हो सकते हैं, तो वह वहां पर क्यों लड़ाई करेगा? वह हमारी कमजोरी को ढूंढेगा और वहां हमला करेगा। और हम एक मामले में कमजोर हैं भी। हमारी सरकारी वेबसाइटें हैक हो जाती हैं, डेटा सेक्टर्स हैक हो जाते हैं। इन्हें सुरक्षित करने के साथ भारत को हमला करने लायक भी बनना होगा। आपको यह भी दिखाना पड़ेगा दूसरे देश को कि अगर आप पर साइबर हमला हुआ तो आप भी जवाब में आक्रमण करने लायक हैं।

श्री पंत ने जोर देकर कहा कि भारत को साइबर हमले के लिए भी अपनी क्षमता बनानी होगी और हमले की क्षमता बनाना बहुत मुश्किल काम नहीं है। अगर हमें हैकर्स चाहिए तो आज भारत में ढेरों मिल जाएंगे। नौजवान तो इस काम में माहिर हैं। उन्होंने ब्रिटेन का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां ऐसे ही लोगों को रखा गया है। लेकिन भारत में अभी इस तरह का कोई प्रावधान ही नहीं है। अभी इस बारे में सोचा ही जा रहा है। वैसे नीति बनाने वालों को अच्छे से पता है कि उनके पास अब कोई दूसरा चारा नहीं है।उन्होंने कहा कि परमाणु युद्ध के मामले में जो तर्क इस्तेमाल होता है, वही तर्क साइबर हमले के मामले में भी है। दूसरा देश तभी साइबर युद्ध से हिचकिचाएगा, जब उसे लगेगा कि आप भी हमला कर सकते हैं। और यह कोई पारंपरिक शस्त्र खरीद का मामला नहीं है कि बंदूक अमेरिका और राफेल फ्रांस से ख़रीद लाए। इसमें क्षमता विकसित करनी पड़ेगी। यह साइबर सुरक्षा समन्वय का मामला है। एक सामरिक नीति बनानी पड़ेगी।उन्होंने कहा कि भारत को इस बारे में रूस से अपेक्षित मदद मिलने में मुश्किल पेश आ सकती है क्योंकि रूस एवं चीन के बीच संबंधों का गणित इसके पक्ष में नहीं है। इसलिए भारत को पश्चिमी देशों खासकर इज़रायल से मदद मिलने की उम्मीद है। इज़रायल से सीखने वाली बात यह है कि वह साइबर युद्ध को आक्रमण के रूप में भी इस्तेमाल करता है। ईरान में हाल ही में कुछ संस्थाओं पर बड़े साइबर हमलों के पीछे इज़रायल का ही हाथ माना जाता है। इसका मतलब हुआ कि वह रक्षा करना जानता है और हमला करना भी। पश्चिमी देशों में हमें अमेरिका से सीखना होगा कि किस तरह से अपने मुक्त समाज की सुरक्षा की जाती है।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गलवान घाटी में भारत एवं चीन की सेनाओं के टकराव की घटना के बाद होने वाले साइबर हमलों को देखें तो यह मानकर चलना होगा कि हमारी जितनी संस्थाएं हैं, वे हैकिंग का शिकार बन सकती हैं। भारत को इसे समझ कर अपनी सामरिक साइबर नीति बनानी पड़ेगी। हम एक खुला समाज हैं, यहां लोकतंत्र है। चीन की तरह हम ख़ुद को बंद नहीं कर सकते इसलिए अपने महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक ढांचे को सुरक्षित करना होगा। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में फार्मा उद्योग और विद्युत ग्रिड आते हैं जिन पर पिछले दिनों साइबर हमले हुए थे।

## राम विलास पासवान की जयंती पर श्रद्धांजलि



**नयी दिल्ली वार्ता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक राम विलास पासवान की सोमवार को यहां जयंती मनायी गयी ।

दिवंगत पासवान की जयंती उनके आवास पर मनायी गयी। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों तथा कुछ समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके पुत्र एवं लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद चिराग पासवान भावुक भी हो गये।

श्री चिराग पासवान आज से बिहार में आशीर्वाद यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। इस अवसर पर श्री चिराग पासवान ने संवाददाताओं से कहा कि वह अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, बिहार के लोग ही मेरी ताकत हैं। हमारे चाचा साथ खड़े होते, लेकिन वो नहीं हैं। मैं अपने पिता की प्रेरणा से आगे बढ़ूंगा और संघर्ष के रास्ते पर ही चलूंगा। एक परिवार ने हमें धोखा दे दिया, लेकिन दूसरा परिवार हमारे साथ है। आज से आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं जो सिर्फ लोगों का आशीर्वाद लेने के लिए है ना कि शक्ति प्रदर्शन के लिए।

### पासवान पर पुस्तक जारी

**नयी दिल्ली वार्ता।** लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान ने आज यहां अपने पिता और पार्टी के संस्थापक दिवंगत राम विलास पासवान पर प्रकाशित एक पुस्तक को जारी किया।

श्री चिराग पासवान ने दिवंगत पासवान की जयंती समारोह के अवसर पर राम विलास पासवान संकल्प, साहस और संघर्ष शीर्षक से जारी पुस्तक का लोकार्पण किया। इस पुस्तक में उनके राजनीतिक संघर्ष तथा कई अन्य घटनाओं का ब्यौरा दिया गया है।इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य और कुछ पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोदी ने रामविलास पासवान को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रहे रामविलास पासवान को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

श्री मोदी ने सोमवार को एक ट्वीट संदेश में कहा, आज मेरे मित्र दिवंगत रामविलास पासवान जी की जयंती है। मुझे उनकी कमी महसूस होती है। वह देश के सबसे अनुभवी सांसद और प्रशासक थे। जन सेवा में उनका योगदान तथा पिछड़े वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण का काम हमेशा याद किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि श्री पासवान ने मोदी सरकार के दोनों कार्यकाल में मंत्री के रूप में काम किया था।

## आईटी एक्ट की निरस्त धारा के तहत प्राथमिकियां दर्ज करने पर केंद्र को नोटिस

**नयी दिल्ली वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून की निरस्त की गई धारा 66ए के तहत प्राथमिकियां दर्ज किए जाने को लेकर आश्चर्य व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से सोमवार को जवाब तलब किया।शीर्ष अदालत ने श्रेया सिंघल मामले में फैसला सुनाते हुए संबंधित कानून की धारा 66ए को 2015 में ही निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद इस धारा के तहत प्राथमिकियां दर्ज की जा रही हैं।

न्यायमूर्ति आर एफ रोहिंगटन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) की याचिका की सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा।न्यायालय ने उक्त कानून की निरस्त धारा के तहत पुलिस द्वारा प्राथमिकियां दर्ज किए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। न्यायमूर्ति नरीमन ने कहा, आश्चर्य है। श्रेया सिंघल मामले में शीर्ष अदालत ने 2015 में फैसला दे दिया था। जो हो रहा है वह खतरनाक है।

## ओडिशा में पहुंची दो सदस्यीय केंद्रीय टीम

**भुवनेश्वर वार्ता।**ओडिशा में पिछले कुछ दिनों के दौरान कोरोना के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण के लिए सुझाव देने और पूरी स्थिति की समीक्षा करने के लिए दो सदस्यीय केंद्रीय टीम सोमवार को यहां पहुंची।इस टीम के सदस्यों में कोलकाता एआईआईएच एंड पीएच की प्रोफेसर डॉ. शिवानी दत्ता और एम्स भुवनेश्वर के प्रो. राघव महापात्रा शामिल हैं।केंद्र सरकार ने केरल, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़ और मणिपुर में केंद्रीय टीमों को भी भेजा है, इन राज्यों में पिछले कुछ दिनों के दौरान कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। केंद्रीय टीमें इन राज्यों में भी कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक सिफारिश करेगी।प्रो. दत्ता ने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि वे उन जिलों का दौरा करेंगे जहां कोविड-19 के मामले ज्यादा हैं।ओडिशा में कोरोना से एक दिन में सबसे अधिक मौतें आज हुई हैं जिससे अब तक कुल मरने वालों की संख्या 4,248 हो गई है। राज्य ने पिछले 24 घंटों में 2803 नए कोविड मामले भी दर्ज किए।

खुर्दा ने सबसे अधिक 475 मामले दर्ज किए, उसके बाद कटक ने 441, मयूरभंज ने 193, बालासोर ने 155 और पुरी ने 154 मामले दर्ज किये हैं।टीम अस्पतालों में उपलब्ध उपचार सुविधाओं, संपर्क में आने वालों की पहचान, टीकाकरण, निगरानी गतिविधियों तथा कोविड प्रबंधन की समीक्षा करेगी और केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। टीम इस बात की भी जांच करेगी कि क्या अस्पताल पर्याप्त संख्या में बेड और वेंटिलेटर से लैस हैं।

## कांग्रेस पांच विभिन्न मुद्दों पर करेगी आंदोलन

**देहरादून वार्ता।** उत्तराखंड कांग्रेस आगामी सात और 10 जुलाई को विभिन्न पांच सूत्रीय मुद्दों पर राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी और पुतला दहन करेगी।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने एक वीडियो जारी कर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं के साथ हो रही दुष्कर्म की घटनाओं, किसानों की समस्याओं तथा हरिद्वार कुम्भ में हुए आर.टी.पी.सी.आर. टेस्ट महा घोटाले के मुद्दे पर आगामी सात जुलाई को प्रदेश के सभी जिला और शहर मुख्यालयों में प्रदर्शन के साथ सरकार का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## थाईलैंड में रसायन फैक्टरी में शक्तिशाली विस्फोट, 21 घायल

**बैंकॉक, वार्ता।** थाईलैंड में सामुत प्रकान प्रांत के बांग फ्ली जिले में सोमवार तड़के प्लास्टिक फोम की एक फैक्टरी में एक शक्तिशाली विस्फोट होने से कम से कम 21 लोग घायल हो गये।समाचार पत्र 'बैंकॉक पोस्ट' ने बताया कि विस्फोट मिंग दिह केमिकल कंपनी की फैक्टरी में हुआ। इस फैक्टरी में लगभग पांच से छह गोदामों में 50 टन (मीट्रिक टन) रसायनों का भंडार है। अखबार ने बताया कि विस्फोट के बाद भीषण आग लग गयी, जिससे फैक्टरी और उसके एक किलोमीटर के दायरे में स्थित इमारतों और मकानों को काफी नुकसान पहुंचा। घटना में कम से कम 21 लोग घायल हो गये।प्रांत के स्थानीय अधिकारियों ने कारखाने के पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का आदेश दिया है। विस्फोट का कारण अज्ञात बना हुआ है।

## ट्रम्प टीम का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लॉन्च के दिन ही हुआ हैक

**मॉस्को, वार्ता।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रवक्ता जेसन मिलर द्वारा स्थापित नये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जीईटीटीआर को लॉन्च के दिन ही कुछ समय के लिए हैक कर लिया गया।

समाचार वेबसाइट 'बिजनेस इनसाइडर' ने यह जानकारी दी है। वेबसाइट ने बताया कि रविवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार करीब 12:30 बजे कई हस्तियों के अकाउंट हैक कर लिये गये हालांकि एक घंटे बाद ही गड़बड़ी ठीक कर ली गयी। उसने बताया कि जुबा बगदाद नामक उपयोगकर्ता ने हैकिंग की जिम्मेदारी ली है।

जुबा बगदाद ने बिजनेस इनसाइडर को बताया कि उसने 'सिर्फ मनोरंजन के लिए' हैकिंग की और यह करना 'आसान' था। पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, व्हाइट हाउस के पूर्व मुख्य रणनीतिकार स्टीव बैनन और रिपब्लिकन सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन के अकाउंट को भी हैक कर लिया गया था, जिनमें एक ही संदेश नजर आ रहा था, श्री मिलर ने कहा, समस्या का पता लगा लिया गया और उसे कुछ ही मिनटों में ठीक कर दिया गया, और घुसपैठिया केवल कुछ उपयोगकर्ताओं का नाम बदल सका। समस्या का समाधान निकाल लिया गया है और हमारे रोमांचक नये प्लेटफॉर्म के लिए पहले से ही पांच लाख से अधिक उपयोगकर्ता साइन अप कर चुके हैं।

गौरतलब है कि गत छह जनवरी को कैपिटल हिल दंगे के बाद श्री ट्रम्प को ट्विटर और फेसबुक जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से प्रतिबंधित कर दिया गया था। इन प्लेटफॉर्म का आरोप था कि दंगों के संबंध में श्री ट्रंप की गतिविधियों ने प्लेटफॉर्म की नीतियों का उल्लंघन किया है।

## इटली में माफिया विरोधी अभियान के दौरान 80 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

**रोम, वार्ता।** इटली में सोमवार को सिसिली के माफिया (कोसा नोस्ट्रा) के खिलाफ एक व्यापक अभियान चल रहा है, जिसमें 63 व्यक्तियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 18 अन्य को नजरबंद रखा गया है।

इतालवी माफिया विरोधी जांच निदेशालय (डीआईए) ने बताया कि जांच के दौरान कोसा नोस्ट्रा से जुड़े पांच माफिया समूहों की अवैध गतिविधियों का खुलासा किया गया है, जिसमें द्वीप की राजधानी पलेर्मो में मादक पदार्थों का उत्पादन और बिक्री शामिल है।

## अफगानिस्तान-तालिबान को वार्ता के लिए जगह मुहैया कराने को रूस तैयार

**मॉस्को, वार्ता।** अफगानिस्तान के लिए रूस के राष्ट्रपति के विशेष दूत जमीर काबुलोव ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान सरकार और तालिबान के वार्ता के लिए तैयार होने पर रूस उन्हें जगह मुहैया कराने के लिए तैयार है।श्री काबुलोव ने कहा, बेशक, मॉस्को तैयार है। लेकिन जब दोनों पक्ष बातचीत के लिए गंभीरता से तैयार हों, न कि केवल किसी भी स्थान पर बैठक के लिए।

## मॉस्को में किशोरों के बीच स्पूतनिक-वी टीके का क्लीनिकल परीक्षण शुरू

**मॉस्को, वार्ता।** रूस की राजधानी मॉस्को में 12-17 साल की उम्र के किशोरों के बीच कोरोना की स्पूतनिक-वी वैक्सीन का क्लिनिकल परीक्षण शुरू कर दिया है और सबसे पहले टीका लगवाने के इच्छुक किशोरों का टीकाकरण से पहले का चिकित्सा परीक्षण किया जा रहा है।मॉस्को की उप महापौर अनास्तासिया राकोवा ने सोमवार को इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा , गामालेया केंद्र के साथ हमने 12-17 साल के किशोरों के लिए स्पूतनिक-वी वैक्सीन की क्लीनिकल स्टडी शुरू की है.... इस उद्देश्य के लिए, हमने 100 प्रतिभागियों की भर्ती की है। शुरुआत में टीका लगवाने वाले किशोरों के समूह का चिकित्सा परीक्षण आज शुरू किया गया है, जिसमें एक अनिवार्य पीसीआर परीक्षण शामिल है।

## निशंक ने 'निपुण भारत' मिशन का शुभारंभ किया



**नयी दिल्ली वार्ता।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2026-27 तक प्रत्येक बच्चे को कक्षा तीन तक मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान उपलब्ध करवाने के विज़न को पूरा करने की तरफ एक कदम आगे बढ़ाते हुए सोमवार को यहाँ पर वर्चुअल माध्यम से 'निपुण भारत' नामक राष्ट्रीय मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मिशन का शुभारंभ किया।

डॉ. निशंक ने 'निपुण भारत' मिशन में प्री-स्कूल से लेकर कक्षा तीसरी तक के तीन से नौ वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों पर फोकस किया जाएगा और कक्षा चार एवं पांच के उन बच्चों को अतिरिक्त शिक्षा सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी जिन्हें बुनियादी कौशल प्राप्त नहीं हो सका है।

इस अवसर साक्षरता और संख्या ज्ञान के महत्व को समझाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरा मानना है कि साक्षरता और संख्यात्मक कौशल की अच्छी बुनियाद सीनियर कक्षाओं में बच्चे की पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव डालती है और शिक्षा में बच्चे की रुचि भी विकसित करती है। देश के सभी बच्चों को इसकी बुनियादी समझ को विकसित करने के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने इस मिशन को शुरू करने के लिए पिछले साल सितंबर में आयोजित शिक्षक पर्व के अवसर पर ही अपना विज़न सभी के साथ साझा किया था।डॉ. निशंक ने आगे कहा, साक्षरता और संख्या ज्ञान का सीधा प्रभाव व्यस्कों की आय और अगली पीढ़ी के लिए बेहतर स्वास्थ्य जैसे उनके भविष्य के जीवन के परिणामों पर पड़ता है। मूलभूत साक्षरता के इसी महत्वपूर्ण पहलू को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2021-22 के लिए 2130.66 करोड़ रुपए के स्वीकृत बजटीय आवंटन के साथ समग्र शिक्षा के तहत निपुण भारत की शुरुआत की जा रही है।''

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि निपुण भारत के कार्यान्वयन और निगरानी में सामुदायिक भागीदारी की अहम भूमिका है। उन्होनें कहा कि माता-पिता, शिक्षकों और बच्चों की भागीदारी निश्चित ही इस मिशन में महत्वपूर्ण साबित होगी और मुझे पूरी उम्मीद है कि इस मिशन की सफलता के लिए राज्य, जिला, ब्लॉक स्तर के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाएँ, स्थानीय निकाय, पंचायती राज संस्थाएँ, सभी आपस में कुशलता के साथ समन्वय करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री संजय धोत्रे, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की सचिव अनीता कारवाल, राज्यों के शिक्षा सचिव, शिक्षाविद, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## शक्ति भोग फूड्स लिमिटेड के सीएमडी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली वार्ता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शक्ति भोग फूड्स लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक केवल कृष्ण कुमार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है।ईडी के सूत्रों के मुताबिक कुमार को गिरफ्तार करने के बाद विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया , जहां से उन्हें नौ जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष और संपूर्ण जांच का हवाला देते हुए रिमांड पर जोर दिया था।अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिल्ली और हरियाणा में नौ स्थानों पर छापे मारे जाने के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गये थे।

## मार्च के बाद से कोरोना के सबसे कम दैनिक मामले



**नयी दिल्ली वार्ता।** देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) के घटते मामलों के बीच पिछले 24 घंटों के दौरान संक्रमण के 40 हजार से कम नये मामले सामने आये हैं, जो 19 मार्च के बाद से एक दिन में आये न्यूनतम मामले हैं।

इस बीच रविवार को 14 लाख 81 हजार 583 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 35 करोड़ 28 लाख 92 हजार 046 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 39,796 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ पांच लाख 85 हजार 229 हो गया है। इस दौरान 42 हजार 352 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 97 लाख 430 हो गयी है। सक्रिय मामले 3,279 कम होकर चार लाख 82 हजार 071 रह गये हैं। इसी अवधि में 723 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख दो हजार 728 हो गया है।

देश में सक्रिय मामलों की दर कम होकर 1.58 फीसदी, रिकवरी दर बढ़कर 97.11 फीसदी और मृत्यु दर 1.32 हो गयी है।महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामले 5,652 बढ़ने के बाद यह संख्या 1,26,454 हो गयी है। इसी दौरान राज्य में 3378 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 58,48,693 हो गयी है जबकि 306 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,23,030 हो गया है।

केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 473 बढ़कर 104508 हो गये हैं तथा 11551 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर2855460 हो गयी है जबकि 76 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 13716 हो गयी है।कर्नाटक में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 3270 कम होकर 44869 रह गए हैं। वहीं 59 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा 35367 हो गया है। राज्य में अब तक 2773407 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

तमिलनाडु में सक्रिय मामलों की संख्या 587 घटकर 35294 रह गयी है तथा 72 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 33005 हो गयी है। वहीं 2427988 मरीज संक्रमण मुक्त हुए हैं।आंध्र प्रदेश में सक्रिय मामले 35325 रह गये हैं। राज्य में कोरोना को मात देने वालों की तादाद 1854754 हो गयी है जबकि 12844 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 500 घटकर 18780 रह गये हैं और इस महामारी के संक्रमण से कुल 17799 लोगों की मौत हुई है। राज्य में अब तक 1468815 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

तेलंगाना में सक्रिय मामले 490 घटकर 11964 रह गये हैं, जबकि अब तक 3691 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 611035 लोग इस महामारी से ठीक हुए हैं।

छत्तीसगढ़ में कोरोना के सक्रिय मामले 15 बढ़कर 5330 हो गये हैं। वहीं 976917 लोग कोरोनामुक्त हो चुके हैं जबकि तीन और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 13456 हो गयी है।

पंजाब में सक्रिय मामले 214 घटकर 2324 रह गये हैं तथा संक्रमण से निजात पाने वालों की संख्या 577982 हो गयी है जबकि 16110 मरीजों की जान जा चुकी है।

गुजरात में सक्रिय मामले 60 घटकर 2467 रह गये हैं तथा अब तक 10069 लोगों की मौत हुई है। वहीं 811297 मरीज संक्रमण मुक्त हुए हैं।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी, प्रकाशक / मुद्रक-उरूषा इमरान द्वारा विश्नू ऑफसेट,वैसी की मस्जिद,भानमती चौराहा हुसैनगंज,लखनऊ से मुद्रित कराकर 126/21/1, राना होटल, इस्लामिया कालेज के सामने, लालबाग लखनऊ (उ.प्र.)- 226001 से प्रकाशित।

*संपादक - इमरान हसन सिद्दीकी, R.N.I. No.UPHIN/2010/39063, MOB.- 9935403111, प्रबंध संपादक- एस.वी.सिंह उजागर, मो- 9451988443, E-Mail : sindhutimes99@gmail.com फोन-0522-4029211 (नोट- किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)